

16वां रोजा

शिया
सहरी : 4:44 बजे
इफ्तार : 6:20 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:30 बजे
इफ्तार : 6:31 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# देवा शरीफ में उड़े सौहार्द के रंग

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** होली पर कस्बा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर सौहार्द के रंग उड़े। इसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। वारिस के आंगन में रंग-गुलाल इस कदर उड़ा कि उसकी छटा आसमां तक दिखाई दी। देवा शरीफ में होली खेलने के लिए बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे थे। वारसी होली समिति देवा के अध्यक्ष शहजादे आलम वारसी, चेयरमैन हारुन के नेतृत्व में सोमवार की सुबह करीब 10:30 बजे कौमी एकता गेट पर फूलों की होली खेलने के बाद फाग का जुलूस निकाला गया। जुलूस में समिति के अजय निगम, केके निगम, मनोज सोनी, राजकमल निगम शाहिद सैकड़ों लोग शामिल हुए। जुलूस निर्धारित मार्गों से होता हुआ मजार परिसर में पहुंचा। जुलूस में शामिल सभी धर्म के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। सुरक्षा की जिम्मेदारी सीओ नगर जगत कनौजिया ने संभाल रखी थी। दोपहर तक मजार परिसर पर अबीर गुलाल व फूलों की बौछार होती रही। यह देश की ऐसी दरगाह है जहां हिंदू-मुस्लिम सभी धर्म के लोग होली खेलते हैं और विश्व को कौमी एकता का संदेश देते हैं।



देवा स्थित हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर होली खेलते लोग। अमृत विचार

# खुशियों की फुहार के बीच उत्साह से मना रंगों का त्योहार

## शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में दिखा लोगों में उत्साह, होरियारों की टोलियों से पटी रहीं सड़कें, सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद रही पुलिस



रहा उल्लास : शहर में सोमवार को निकाले गए होली के जुलूस में आकर्षण का केंद्र रहा हनुमान का स्वरूप। अमृत विचार



होरियारों की टोली में उत्साह के साथ शामिल हुईं महिलाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** होली का त्योहार सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कई स्थानों खासकर ग्रामीण अंचलों में मंगलवार को भी खूब रंग चला। शहर के विभिन्न चौराहों पर एकत्र लोगों ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला और एक-दूसरे को रंग लगा जमकर धमाल मचाया। दोपहर बाद तक चले होली जुलूस में शहर वासियों को उत्साह चरम पर रहा। वहीं शाम को लोग एक दूसरे के घर पहुंचे और गले मिलकर होली की बधाई दी।

होली की उमंग का रंग हर तरफ बिखरा दिखाई दिया। सूरज की किरणों के निकलने के साथ ही हुरियारों की टोली रंग गुलाल लेकर निकल पड़ी। सुबह से ही उड़ते रंग व गुलाल से धरती सतरंगी दिखने दिखने लगी। बच्चों व युवाओं ने डीजे आदि पर जमकर नृत्य किया। रंग के पर्व पर सोमवार को शहर में छाया चौराहा, धनोखर, घंटाघर, सतरिख नाका, पैसार नाका, देवां रोड़, सोमैयानगर, बंकी, लखपेड़ाबाग, आवास विकास में सुबह से ही लोग जुटने लगे। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर पूरी तरह से सराबोर कर दिया। गाजे-बाजे के साथ निकाले गए जुलूस में लोग जमकर थिरके और खूब धमाल मचाया। वहीं होली की मस्ती में हुरियारों के गायन ने चार चांद लगा दिए। मंगलवार को भी खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर सुबह से लेकर दोपहर बारह बजे तक होली खेली गयी। शहर के नागेश्वरनाथ मंदिर पर होली मिलन समारोह हुआ। इसमें बड़ी संख्या में आए बच्चों व बड़ों ने समारोह का आनंद उठाया। देर शाम तक लोगों एक-दूसरे के घर होली की बधाई देने के लिए आना-जाना लगा रहा। घर आए मेहमानों का गुझिया, चिप्स, पापड़ आदि पकवान खिलाकर स्वागत किया गया। धनोखर पर हजारों की संख्या में हर वर्ग के लोगों ने खूब रंग-गुलाल उड़ाए। वहीं शिव व पार्वती के स्वरूप संग होलियारों की टोली निकली। डीजे पर बज रहे होली गीतों पर युवाओं ने नृत्य किया। वहीं मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने होली का पर्व मनाया। इस दौरान डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश कुमार समेत कई प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मनाई।



फतेहपुर के बिलौली गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार



जुलूस में लड्डू गोपाल की मूर्ति भी रही आकर्षण का केंद्र।



पुलिस लाइन में होली खेलने के बाद बैठे डीएम व एसपी।





होली के जुलूस में विभिन्न रूपों में शामिल लोग (बाएं) और होरियारों से पटी सड़क (दायें)।

### कस्बों व ग्रामीण अंचलों में दिखा रंग पर्व का उल्लास

सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में दिन भर रंगोत्सव के बाद शाम को लोगों ने एक–दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। कस्बा बदोसरांय सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में होरियारों की टोली डीजे की धुन पर नाचते–गाते हुए घर–घर जाकर रंग गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। इस दौरान पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के चलते किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। वहीं रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक –दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। हर कोई रंग–बिरंगे गुलाल से रंगा हुआ था। चेहरों पर मुस्कान और हाथों में गुलाल लिए हर कोई अपने संगी साथी को रंग रहा था। कोटवा सड़क, भिटरिया, सुमेरगंज, देवीगंज ,इन्द्रपुर, गाजीपुर सहित आदि कस्बों और गांवों में डीजे पर हर कोई झूमता हुआ नजर आया। रामनगर में सुबह होते ही तमाम भक्त लोधेश्वर महादेवा पहुंचे और पूजन दर्शन करने के पश्चात शिवलिंग पर अबीर अर्पित कर एक–दूसरे को गुलाल लगाया। सभी एक ही रंग में नजर आए। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े व जवान सभी होली की मस्ती में झूम रहे थे। पुलिस और प्रशासन की ओर से होली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था। इसी तरह फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बिलौली में लखनऊ के कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण राधा जी की रासलीला प्रस्तुत करते हुए होलिकोत्सव मनाया गया। करीब 15 वर्ष बाद पुन: शुरू हुए इस परम्परागत कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की काफी भीड जुटी हुई दिखाई दी। वहीं लोगो ने रंग गुलाल उडाकर धूमधाम से होलिकोत्सव का जश्न मनाया। वहीं होलिकोत्सव समिति द्वारा निकाले गए चांचर में युवाओं में गजब का उत्साह दिखा। पूरे कस्बे में निकली होलियारों की टोली डीजे पर बज रहे गानों पर खूब झूमी।

होली मिलन समारोह | श्री रामलीला सेवा समिति की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

# महिलाओं ने शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रभु श्री राम दरबार की विधिवत पूजन-अर्चन के बाद श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा गले मिलकर रंगों के पर्व की बधाई दी।

बीते शनिवार को डीएम ने जीआईसी के ऑडिटोरियम में आयोजित सास-बहू सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव में महिलाओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की थी। इसका साफ असर श्री रामलीला सेवा समिति के होली मिलन समारोह में मौजूद महिलाओं में दिखा। महिलाओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया।

होली मिलन समारोह के पश्चात मंदिर में भोग प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान श्री रामलीला सेवा समिति के महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने बताया कि होली मिलन समारोह के माध्यम से एक दूसरे से मेल मिलाप हो जाता है। होली मिलन समारोह की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। इस अवसर पर राजेश गुप्ता कृष्णा, अंकित गुप्ता गोलू, पुरुषोत्तम टंडन, रविनन खजांची, चंद्रहास वर्मा, राकेश उप्पल, राजू पटेल, खन्नू भैया, सुशील गुप्ता व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।



होली मिलन समारोह में गीत प्रस्तुत करतीं महिलाएं। अमृत विचार



ग्रामीणों को उपहार देते प्रधान प्रतिनिधि।

### 985 मनरेगा मजदूरों को दिया होली का उपहार

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के मोहम्मदपुर चंदी सिंह प्रधान सरोजनी देवी वर्मा व उनके प्रतिनिधि व किसान नेता सुरेंद्र कुमार वर्मा ने घर–घर पहुंचकर मेवा, खोया, मिष्ठान्न, रंग व गुलाल से भरा झोला वितरित किया। इसमे मनरेगा मजदूरों को प्राथमिकता दी गयी। प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि करीब 985 लोगों को होली का उपहार दिया गया। इस मौके पर संतोष शुक्ल, संजय वर्मा, राम अकबाल वर्मा, शेर बहादुर, विकास द्विवेदी, सूरज आदि थे।

# भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट, केस

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत के विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट की गयी है। भाजपा कार्यकर्ता ने मैसेज को राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। कार्यकर्ता की ओर से तहरीर मिलने पर सतरिख पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

सतरिख थाने के सेठमऊ मजरे करोरा निवासी भाजपा कार्यकर्ता रोहित ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत की फोटो लगाकर उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली गई है। राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनकी छवि धूमल करने के लिए पोस्ट की गई है। आरोप है कि इस पोस्ट को दूसरे के मोबाइल नंबर से एक पूर्व सांसद ने प्रसारित किया है। रोहित की तहरीर पर पुलिस ने संजय सिंह रावत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज़ किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया है कि मुकदमा दर्ज़ कर इस मामले की जांच की जा रही है। बताते चलें कि इससे पहले सांसद उपेंद्र सिंह रावत का टिकट घोषित होने के दूसरे ही दिन उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस पर उन्होंने भाजपा हाईकमान को टिकट लौटा दिया था। उन्होंने निर्दोष साबित होने तक सार्वजनिक जीवन में कोई भी चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सोमवार को भाजपा आलाकमान ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को प्रत्याशी घोषित किया। ठीक दूसरे ही दिन उनके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली गई।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार की शाम शौच के लिए निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी है। सतरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोखरिहा मजरे जाटा गांव निवासी करन सिंह (27) पुत्र छबिलाल सोमवार की शाम लगभग सात बजे शौच के लिए घर से निकला था। काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई तो उसकी तलाश शुरू की। फोन पर एक बार घंटी जाने के बाद वह स्विच ऑफ हो गया। परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस भी युवक को तलाश रही है परंतु उसका पता नहीं चल सका। परिजनों ने अपहरण के बाद हत्या की आशंका जताई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि पुलिस की टीम युवक का पता लगाने में जुटी है। युवक के अचानक लापता होने से परिवारवाले परेशान हैं।

### हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ आयोजित

**मसौली,बाराबंकी, अमृत विचार :** बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली पर मंगलवार को सुंदर काण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। सुंदरकांड के बाद उपस्थित भक्तों ने भजन गाकर माहौल भक्तिपूर्ण कर दिया। इसके बाद आरती की गयी। फिर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंकज वर्मा, दिपांशु, किशुन दास,चंद्रपाल, शिवा, मोहित, अशोक समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

**टिकैतनगर,बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम रायपुर में मंगलवार सुबह करीब छह बजे संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ का शव गांव के बाहर स्थित आम के बाग में फंदे पर लटकता हुआ मिला। सुबह शौच के लिए बाग की ओर गए ग्रामीणों ने जब पेड़ पर शव को लटकते हुए देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान लछ्मन यादव (50) पुत्र रामलाल निवासी रायपुर के रूप में की है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सड़क हादसे मे बालिका की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में दस वर्षीय बालिका की मौत हो गई। घटना रामनगर थाना क्षेत्र के चौकाघाट रेलवे स्टेशन के पास की है। लखनऊ – बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग के मड़ना गांव के पास सडक पार करते वक्त कार की टक्कर से जनपद बहराइच के फखरपुर थाना क्षेत्र के डफरापुर निवासी राजेश मिश्रा की 10 वर्षीया पुत्री मानवी मिश्रा को कार ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुची पुलिस ने इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। हालत बिगड़ते देख चिकित्सकों ने बालिका को जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई। बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# दुर्घटनाओं में 10 लोगों की गयी जान

## रामसनेहीघाट क्षेत्र में सबसे अधिक हुईं छह मौतें, बाइक पर पलटी ट्राली, आमने-सामने टकरायीं मोटरसाइकिलें

**पसरा मातम**

- पीड़ित परिवारवालों की बदरंग हुई होली
- लाइन पार करते समय वंदेभारत की चपेट में आया युवक

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी



वंदेभारत ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत के बाद मौके पर जांच करती जीआरपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली पर्व के दौरान पिछले दो दिनों में जिले के अलग-अलग हिस्सों में हुईं दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गयी जबकि 17 लोग घायल हुए हैं। ऐसे में प्रभावित परिवारीजनों की पर्व की खुशियां एक पल में मातम में बदल गईं। सबसे अधिक मौतें रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में हुईं हैं। वहीं जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस तक परिजनों में चीत्कार मची रही।

रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में भिटरिया-दरियाबाद मार्ग पर रविवार देर शाम गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली बगल से गुजर रही बाइक पर पलट गई। जिसमें गोड़ियन पुरवा मजरे असेना निवासी कुलदीप कुमार निषाद (18) व राकेश निषाद (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान कुलदीप की मौत हो गई। जबकि प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचे राकेश ने भी दम तोड़ दिया। वहीं इसी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर दयारामपुरवा गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में चंदौली निवासी गोविंद विश्वकर्मा (30) की मौके पर मौत हो गई जबकि अन्य चार घायल थाना असन्द्रा के मरखापुर निवासी सोनू (32), चिकवनपुरवा निवासी धर्मेंद्र (18), रामसनेहीघाट के बेलहा चौराहा निवासी रंजीत (32) व चंदौली निवासी शिवमगन (28) को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान बेलहा चौराहा निवासी रंजीत व मरखापुर निवासी सोनू की भी मौत हो गई। धर्मेंद्र व शिवमगन की हालत नाजुक बनी हुई है।

वहीं रविवार की शाम कस्बा हैदरगढ़ के मोहल्ला भटखेरा के नकछेद (65) साइकिल से सब्जी लेकर घर वापस लौट रहे थे। सुबेहा रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वह घायल हो गए। सीएचसी हैदरगढ़ से लखनऊ के केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले जाते समय एम्बुलेंस में ही उसने दम तोड़ दिया।

वहीं, रविवार रात लगभग साढ़े आठ बजे सफदरगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बघौरा गांव के पास बरियारपुर गांव निवासी बाबूलाल (60) डीजल खरीदने पैदल निकले थे। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वह घायल हो गए। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।

इसी तरह हाईवे पर ही तुलसीपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से प्यारेपुर गांव निवासी शिवकला व उनके बहनोई उमरापुर रामसनेहीघाट निवासी राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर रविवार को ही मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कस्बा बेलहरा निवासी शकील (35) को कस्बे में ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में लखनऊ केजीएमयू भेजा गया। जहां सोमवार को मौत हो गई।

दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर गोमतीनगर से पटना जा रही वंदेभारत ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान थाना रामसनेहीघाट के घटमापुर निवासी देवीप्रसाद मिश्रा के 23 वर्षीय पुत्र विकास मिश्र के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो युवक रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इस दौरान दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत करीब आठ मिनट तक खड़ी रही। रायबरेली जनपद के थाना शिवगढ़ अंतर्गत बैती गांव निवासी अनुज पुत्र रामदेव गांव के ही अपने दो अन्य साथियों के साथ हैदरगढ़ की ओर आ रहा था कि तभी हैदरगढ़-बछरावां मार्ग पर पोखरा गांव में बाबा ढाबा के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। जिसे सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया है।

सूरतगंज थाना क्षेत्र में दुकान खोलने जा रहे व्यक्ति पर रास्ते मे ई -रिक्शा पलट गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी फतेहपुर भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल फिर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला थाना क्षेत्र के सौंरगा का है। यहां के मोहम्मद शकील (67) की बेलहरा में बाल कटिंग दुकान है। रविवार सुबह वह पैदल ही दुकान खोलने जा रहा था कि रास्ते में अनियंत्रित ई -रिक्शा अचानक उसी पर पलट गया। हादसे में शकील गंभीर रूप घायल हो गया। उसे सीएचसी फतेहपुर लाया गया। वहां से उसे जिला अस्पताल फिर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया। जहां पर उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। जबकि बेलहरा के विश्नाथ चौराहे पर सोमवार देर शाम दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार घायल हो गया। जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में डिघवा निवासी राजमल (28) का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# पेड़ से लटकते मिले दो युवकों के शव, हड़कंप

- होली पर्व की खुशियों पर लगा ग्रहण

सूरतगंज-बाराबंकी

**अमृत विचारः** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध हालात में दो युवकों के शव पेड़ में फंदे से लटकते मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से उनके परिवार में कोहराम मचा रहा।

पहली घटना रविवार को थाना क्षेत्र के मुड़िया कसौंजा गांव की है। यहां के निवासी दीपू रावत (25) का शव गांव के बाहर आम के बाग में पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। ग्रामीणों ने शव लटकने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मौत की वजह प्रेम प्रसंग बता रही है। जबकि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। दूसरी घटना सोमवार को ग्राम पंचायत बतनेरा के बासुपुर गांव की है। यहां जामुन के पेड़ में एक युवक का शव लटकता पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर आसपास शिनाख्त करवाई। कई घण्टों की मशक्कत के बाद शव की पहचान इलाके के लालपुर करौता निवासी मुकेश उर्फ पेरु (28) के रूप में हुई। वह मानसिक रूप विक्षिप्त बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह बताया कि दो स्थानों पर दो लोगों ने फांसी लगाई थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव

**कोठी बाराबंकी :** थाना क्षेत्र के उचिटा गांव निवासी पूर्णमासी गौतम (68) पुत्र स्व. भाईलाल गौतम मंगलवार भोर शौच करने को निकाला था। लेकिन उसका शव गांव के बाहर स्थित बाग में रस्सी के फंदे से लटकता मिला। सुबह इधर से गुजरे ग्रामीणों दृश्य देख ठिठुक गए। इसकी सूचना पर पहुंचे एसएसआई छोटढू चौधरी ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम को भेजा है। उनके मुताबिक पीएम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट होने के पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोप से संबंधित शिकायत नहीं है।

## पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी: अमृत विचार:** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के रामगंज मजरे शिवनाम गांव में रविवार शाम करीब तीन बजे युवक का शव पेड़ से रस्सी से लटका मिला। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। लोनी कटरा पुलिस का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। गांव निवासी राजू के सोलह वर्षीय पुत्र शिवम का शव रविवार को रस्सी के सहारे बबूल के पेड़ से बेनीगंज के जंगल मे लटकता मिला। परिवारीजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ अंकित त्रिपाठी ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नही मिली है।

# सड़क हादसों मे 14 जख्मी

- मारपीट की एक घटना में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

मसौली,बाराबंकी

**अमृत विचारः** सड़क हादसे में मंगलवार को पांच लोग गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। जिनका उपचार चिकित्सकों की देखरेख में चल रहा है। रामनगर से बाराबंकी मोटर साइकिल से जा रहे सलीम ने पैदल जा रहे गुलाम हुसैन को पीछे से तेज टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। प्राथमिक उपचार के लिए बड़ागाँव भेजा गया। स्थित नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी तरह त्रिलोकपुर निवासी चंदन अपनी बहन व दो बच्चों के साथ लखनऊ जा रहे थे। भयारा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर भाग गया। जिससे मोटर साइकिल सवार चारों बुरी तरह जख्मी हो गए। एम्बुलेंस के सहयोग से चारों को बडाग़ाँव सीएचसी लाया गया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

वहीं लोनीकटरा थाना क्षेत्र में दो दिनों के अंदर विभिन्न सड़क दुर्घटनाओ में नौ लोग घायल हो गए। इनमें जवाहरगंज निवासी सविता(35), कमलेश (13), धौरहरा निवासी जगत नारायण (35), त्रिवेदीगंज निवासी रामू(22), गुरुदयाल पुरवा निवासी वंश(18), हैदरगढ कोतवाली क्षेत्र के दाउदपुर निवासी मनीष (24), सतरिख थाना के बरकत नगर निवासी आनंद कुमार (25), लखनऊ के गोसाईगंज थाना मगहुवा निवासी सानवी वर्मा(19), राजा कोट गांव के पास इसी गांव के चेतराम के 5 वर्ष के पुत्र शुभम को बाइक के टक्कर से घायल हुए हैं। वहीं समय से पहले होलिका में आग लगाने की बात पूछने को लेकर हुए विवाद में दो भाईयो ने शराब के नशे में धुत्त होकर चौकीदार रमापुर गाँव निवासी रामनरेश की पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रकाश व रामकुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

# झोपड़ियों की सुरक्षा को मुस्तैद रहा फायरब्रिगेड

- पूरे अंदई मजरे सोनौली में होलिकादहन स्थल से महज कुछ दूर बनी हैं कई झोपड़ियां

रामसनेहीघाट बाराबंकीः

**अमृत विचारः** रविवार रात को कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक विधि विधान से होलिका दहन का सिलसिला शुरू हुआ। इसी के साथ सुरक्षा के कड़े इंतेजाम के साथ साथ पूरे अंदई मजरे सोनौली थाना रामसनेहीघाट बाराबंकी में होलिका दहन हुआ। जहां होलिका दहन होना था वही से कुछ मीटर की दूरी पर दूसरे समुदाय के कई लोगों के झोपड़ी के मकान बने थे। जब होलिका दहन कार्यक्रम रात 11 बजे शुरू हुआ तो पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम इंचार्ज चंद्र भूषण शुक्ला मौजूद रहे । होलिका में जैसे ही आग लगाई गई फायर ब्रिगेड के फायर मैन अभिषेक मणि तिवारी, नरेश कुमार, विजय कुमार, ओम प्रकाश चालक शाहनवाज खा अगल बगल के झोपड़ी पर रात के 11 बजे से सुबह 6 बजे तक पानी डालते रहे। जिससे किसी भी झोपड़ी में आग न लग पाए।

## सार-संक्षेप

### पंचायत भवन के पास मिला युवती का शव



शोकाकुल परिजन।

**टिकैतनगर,बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम बसौगापुर में बीती रात शौच के लिए खेत गई युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव में ही बने पंचायत भवन के बगल पड़ा हुआ मिला। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने परिजनों को शव पड़े होने की सूचना दी। युवती की पहचान गांव की ही निवासी फूलकुमारी (20) पुत्री शिवबालक के रुप में हुई है। परिजनों ने बताया कि युवती शौच के लिए खेत को गई हुई थी। इस दौरान उसकी हत्या कर उसका शव पंचायत भवन के पास फेंक दिया गया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। परिजन गाँव के ही एक युवक पर हत्या किए जाने का आरोप लगा रही है लेकिन पुलिस नामजद आरोपों से इनकार कर रही है। पुलिस ने युवती के पिता शिवबालक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक संजीत सोनकर ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### दो लाख की नकदी पर साफ किया हाथ

**हैदरगढ ,बाराबंकी : अमृत विचार :** चोरों ने शराब की दुकान का ताला तोड़ लगभग दो लाख की नकदी, शराब की बोतले व अन्य जरूरी कागजात चुरा ले गये। सुबह ठेले पर चना बेचने वाले ने देशी शराब की दुकान का शटर उठा देखा तो उसने इस बात की सूचना गौतोना निवासी सेल्समैन नरसिंह बहादुर को फोन के जरिये दी। मामला हैदरगढ़– बिटिया मार्ग पर मुख्य चौराहे से महज दो सौ मीटर की दूरी पर देशी शराब की दुकान है। शराब ठेके का ताला तोड़कर चोरों ने लगभग दो लाख रूपये नकदी व शराब की बोतले सीसीटीवी का जीपीएस व एक लाख 97 हजार 290 रूपये की नकदी व जरूरी कागजात चुरा ले गये। सेल्स मैन के ठेके पर पहुंचते ही आस पास भीड़ इकट्ठा हो गई। सेल्स मैन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। सेल्स मैन ने पुलिस को बताया कि दूकान के अंदर कैश काउंटर में रखे एक लाख 97 हजार 290 रुपए गायब हैं। काउंटर में रखा आधार कार्ड व पास बुक आदि अभिलेख नहीं हैं बदमाश दो दर्जन से अधिक शराब की बोतलें एवं सीसीटीवी का जीपीएस आदि भी चोरी कर ले गए हैं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार।** सोमवार को सफेदाबाद रेलवे क्रासिंग बैरियर पार करते समय हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर बाइक सवार 35 वर्षीय युवक संतोषी माता मंदिर पीर बटावन निवासी मोहम्मद राशिद पुत्र मो. जाकिर की दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया मृतक का शव पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# युवक ने नहर में लगाई छलांग, तलाश जारी

- एसडीआरएफ की टीम जुटी

देवा, बाराबंकी



नदी में छलांग लगाने के बाद शव की तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम।

**अमृत विचार :** साथियों के साथ ससुराल जा रहे एक व्यक्ति ने अचानक नहर में छलांग लगा दी। यह देख उसके साथियों के होश उड़ गए और उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चलने पर एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई है और उसकी तलाश जारी है।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के मंझपुरवा गांव के रहने वाले लवकुश यादव (28) अपने साथी लाल जी यादव निवासी जकरिया थाना सफदरगंज और अजीत यादव निवासी औरंगाबाद थाना जहांगीराबाद के साथ सोमवार को कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्तूरी पुरवा मजरे धरसंडा गांव स्थित अपने ससुराल में होली खेलने जा रहा था। वह देवा थाना क्षेत्र के मित्तई नहर के पुल पर पहुंचा और लघु शंका के बहाने मोटरसाइकिल से उतर गया। उसके बाद उसने एकाएक शारदा नहर में छलांग लगा दी। उसके साथियों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर मित्तई चौकी प्रभारी अखिलेश प्रजापति मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश शुरू कराई लेकिन उसका पता नहीं चला। मंगलवार को एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई है जो युवक की तलाश कर रही है। लवकुश का पता नहीं चल सका था।

### बच्चों के विवाद में हुई मारपीट में छह महिलाएं घायल

**परसपुर, अमृत विचार :** बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिससे आधा दर्जन महिलाएं घायल हो गईं। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पूरे अंगद निवासी शिवसहाय यादव ने बताया कि उनके गांव निवासी रमेश निषाद, रामकुमार निषाद तथा शत्रोहन निषाद रविवार की शाम बच्चों के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारने लगे हल्ला सुनकर भाई व भतीजे बचाने आये तो उनकी भी पिटाई कर दिये जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। दूसरे पक्ष के रामकुमार निषाद ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर शिव सहाय यादव, संतोष यादव, जगतराम यादव तथा बृजलाल आदि ने हमला बोल दिया।

**सुविधा** कौन है प्रत्याशी, कहां करें मतदान, नतीजों तक की मिलेगी जानकारी

# डिजिटल होगा लोकसभा चुनाव, एप बनेगा माध्यम

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचारः** निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो चुकी है। ऐसे में मतदाताओं के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। चुनाव संबंधी किसी भी जानकारी जैसे घर बैठे वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाना हो या फिर मतदान केंद्र से लेकर प्रत्याशियों की जानकारी हासिल करनी हो। घर बैठे एप के माध्यम से ली जा सकती है। किसी भी सरकारी कार्यालय के लिए चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अमृत विचार इसकी जानकारी साझा कर रहा है।

**वोटर टर्न आउट :** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के साथ वोटों की गिनती व चुनाव नतीजों की जानकारी के लिए वोटर टर्न आउट एप बनाया है। इसमें देश की हर लोकसभा सीट के नतीजों की जानकारी घर बैठे मिलेगी।

**एप से जनता को सुविधा**




### केवाईसी : मिलेगी उम्मीदवारों की पूरी जानकारी

अभी आप जिस संसदीय क्षेत्र के मतदाता हैं वहां के उम्मीदवारों की जानकारी लेने के लिए आपके पास कोई आसान साधन नहीं था। अब चुनाव आयोग ने केवाईसी एप तैयार किया है। इसमें चुनाव लड़ रहे सभी वैध उम्मीदवारों के नाम, उनका संसदीय क्षेत्र, उनके ऊपर दर्ज आपराधिक मामले, उनकी आय व संपत्ति की जानकारी भी देख सकते हैं।

### सुविधा-कैंडिडेट एप

राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अब किसी चुनावी कार्यक्रम की मंजूरी के लिए चुनाव अधिकारियों के यहां जाने की जरूरत नहीं होगी। वह इस सुविधा–कैंडिडेट एप के जरिए ही आवेदन करेंगे।

### वोटर हेल्पलाइन : पोलिंग स्टेशन तक की मिलेगी जानकारी

वोटर हेल्पलाइन एप पर चुनाव आयोग की ओर से मतदाता के लिए उपलब्ध सभी सेवाएं मिलती हैं। आप मतदाता सूची में नाम देखने से लेकर पोलिंग स्टेशन तक की जानकारी ले सकते हैं। अगर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है या किसी कारण कट गया है तो इस एप से मतदाता सूची में फार्म–6 के जरिये नाम जोड़ने के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

### सी विजिल एप : इस पर सीधे होगी शिकायत

आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती होती है। सी विजिल एप के माध्यम से लोग चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में आयोग को सीधे शिकायत भेज सकते हैं। उल्लंघन संबंधित वीडियो और फोटो भी अपलोड किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें आपको लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि आयोग का यह ''एप'' खुद ही उस जगह की पहचान कर लेगा। इससे कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत बिना कहीं जाए की जा सकती है।

# मारपीट की घटनाओं में कई घायल, केस

हैदरगढ़ बाराबंकी

**अमृत विचार :** भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में दबंगों ने घर में घुसकर सास बहू की जमकर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार बैरिहा गांव के मूल निवासी गंगा प्रसाद गोस्वामी एवं बेहटा के मूल निवासी एवं हालिया सालपुर निवासी गोमती प्रसाद यादव के बीच काफी समय से भूमि विवाद चल रहा है। सोमवार की दोपहर इसी गांव के रहने वाले छोटेलाल अशर्फीलाल एवं चंदन लाठी डंडा और धारदार हथियार लेकर उन पर हमला बोल दिया। विपक्षियों के हमले में घायल गंगा प्रसाद की पत्नी पूजा गिरी ने बताया कि उसने हमलावरों को देखते ही अपने पति को कमरे में बंद कर दिया था। जिससे आक्रोशित हमलावरों ने उस पर तथा उनकी 60 वर्षीय सास फूलमती पत्नी राजाराम पर हमला करके घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में होली के दिन कई गांवों में मारपीट के मुकदमा कोतवाली में दर्ज किया गया। पहली घटना गाजीपुर गांव मे होली के दिन दोपहर को आदित्य तिवारी अपने घर में रंग खेल कर पहुंचे ही थे। तभी गांव के शत्रोहन रावत ने आदित्य के घर पहुंचकर किसी बात को लेकर गाली गलौज देते हुए लाठी से गर्दन और हाथ पर मारते हुए घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पीआरवी से पहले शत्रोहन कहीं भाग गया। वहीं दूसरी घटना में मेडुवा गांव निवासी रोहित सिंह ने दीपक कुमार पुत्र राम नरेश को गाना बंद करने को कहा और जाति सूचक गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से दीपक और पत्नी सीमा को पीटा दिया। शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। तीसरी घटना में पुरानी रंजिश को लेकर औसान पुरवा गांव के रति पाल ने कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि गांव के अमन सिंह ,आदर्श सिंह पुत्र शिव कुमार और उदय प्रताप सिंह पुत्रअभय प्रताप सिंह ने होली के दिन जाति सूचक भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारने लगे । जब पुत्री कांति और पुत्र सज्जन जब बीच बचाव करने लगे तो पुत्री और पुत्र को भी लाठी डंडे से पीट दिया । कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया ।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं मधुर कुमार शुक्ला से अपना नाम बदलकर मधुर शुक्ला रख रहा हूँ। आज से मुझे मधुर शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **निवासी –पावर हाउस के पीछे, आशा नगर, हरदोई।**

**सूचना**

मैने अपना नाम शोभा सिंह SHOBHA SINGH से बदलकर सोभा सिंह SOBHA SINGH कर लिया है उक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं समस्त दस्तावेजों में मुझे सोभा सिंह SOBHA SINGH नाम से पहचाना जाए। **सोभा सिंह पत्नी राकेश कुमार सिंह** 109/344 आर के नगर कानपुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मो0 जुबैर पुत्र मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर को गलत चाल चलन के कारण बेदखल करती हूं अब मेरा अपने पुत्र मोहम्मद जुबेर से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार भविष्य में नहीं रहेगा **तैय्यबा खातून पत्नी मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम और पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर जनपद बाराबंकी**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमुवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**



16वां रोजा

शिया
सहरी : 04.29 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.33 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।


होली के गीतों पर झूमते लोग। अमृत विचार


सलोन कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस। अमृत विचार


परशदेपुर में होली के पर्व पर ढोल-मंजीरा बजाते लोग। अमृत विचार

# खूब उड़ा अबीर-गुलाल, फगुवारों की टोली ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले भर में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक उल्लास का माहौल रहा। फगुवारों की टोली घर-घर पहुंची। इस दौरान खूब अबीर गुलाल उड़ाया गया। वहीं शहर में शाम को होली मिलन समारोह में समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों को सम्मानित किया गया।

सलोन क्षेत्र में होलिका दहन के साथ ही रंग खेलने की शुरुआत हो गई। हर तरफ होली का उल्लास छाया रहा। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। दिन में महिलाओं ने होलिका मैया की पूजा की। मंगलवार को टोली के साथ रंगों के साथ उल्लास दोगुना हो गया। कस्बे से लेकर देहात तक होली की धूम मची रही है। संवेदनशील जगहों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही थी। वही युवाओं की टोली जगह-जगह ढोल नगाड़े साउंड सिस्टम पर शाम तक नाचते-झूमते नजर आये। बच्चे पिचकारी और गुब्बारे लेकर घरों से बाहर निकल गए और राहगीरों के ऊपर रंग डाल रहे थे। होली खेलने वाले मस्तानों की टोलियां घरों से निकल पड़ी। अपने परिचित, मित्रों, रिश्तेदारों को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई देने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। युवा, बच्चे, महिलाओं में होली का उत्साह देखते बन रहा था। वहीं कई थानों की फोर्स होली पर सक्रिय रही। कस्बे की ऐतिहासिक होली के जुलूस में हजारों की भीड़ मौजूद रही। जुलूस अपने तय रास्ते पैगम्बरपुर पश्चमी, पूर्वी से होते हुए मानिकपुर रोड, परशदेपुर रोड, गोरही मोहल्ला, मिलकियाना पूर्वी पश्चमी, करीमगंज होते हुए पुनः गनपत गली पहुंची, जहां जुलूस का समापन हुआ।

परशदेपुर में होली का त्योहार परशदेपुर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परशदेपुर में शुक्लाना, दासी टोला, पूरे काजी, संसारी से ढोल मंजीरा की धुन पर नाचते गाते फगुवा टोली निकली। फगुवा टोली ने नगरवासियों के घर जाकर होली की बधाई दी और जमकर डांस भी किया। फगुवा टोली के कटरा बाजार पहुंचने पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और ढोल मंजीरे की धुन पर जमकर थिरके। युवाओं ने कपड़ा फाड़ होली भी खेली।

सरेनी क्षेत्र में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार की रात को विधि विधान से होली जलाई गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गिले शिकवे दूर किए। होली के दिन क्षेत्र में कोई घटना न हो इस पर पुलिस की पैनी नजर बनी रही।

## रेल कोच फैक्ट्री में खेली गई होली

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** मॉडर्न रेल कोच कारखाना मजदूर संघ के सभी पदाधिकारियों ने कोच फैक्ट्री के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। संघ के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा, पीसीएमएम राजीव कुमार खंडेलवाल, महाप्रबंधक कार्मिक रूपेश कुमार श्रीवास्तव, सीएमएम केके कनौजिया, सीएमएम कामेश्वर पासवान, सीएमएम एसके जैन, डिप्टी सीपीओ आरएल यादव आदि सभी अधिकारियों को होली की शुभकामनाएं एवं मुबारकबाद दी। फाग आदि के माध्यम से होली गीतों का आनंद उठाया गया। इस मौके पर आदर्श सिंह बघेल, सुशील गुप्ता, जितेंद्र सिंह, राहुल गहलोत, रामसन अग्रहरी, प्रतीक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।


रेलकोच फैक्ट्री में होली का पर्व मनाते लोग।

## एसजेएस में होली मिलन समारोह आयोजित

**लालगंज, अमृत विचार।** एसजेएस लालगंज में होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंध तंत्र समिति ने अबीर गुलाल लगाकर सभी मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। प्रबंधक अग्रज सिंह ने अपने संदेश में आए हुए सभी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया कर्मियों व क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने बताया कि विद्यालय का इस वर्ष का नया शैक्षिक सत्र प्रारंभ हो चुका है। विद्यालय छात्रों के हित को देखते हुए अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यालय की अंतरराष्ट्रीय शिक्षण तकनीकियों के बारे में भी चर्चा की। साथ ही आए हुए समस्त मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी क्षेत्रवासियों, अभिभावकों व शिक्षकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में आए हुए समस्त लोगों ने विद्यालय की तरफ से किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।


समारोह में मौजूद लोग।

### समारोह में एसजेएस के बच्चों ने मचाया धमाल

**सतांव, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज स्थित एसजेएस स्कूल में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक अग्रज सिंह व सहप्रबंधिका अनुश्री सिंह ने क्षेत्रीय मीडियाकर्मियों के साथ विद्यालय स्टॉफ व विद्यालय के छात्र-छात्राओं को होली की बधाई दी। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या प्रीती सिंह ने विद्यालय के बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ के साथ समस्त ड्राइवर व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### हृदय गति रुकने से व्यवसायी की मौत

**डलमऊ, रायबरेली।** हृदय गति रुक जाने की वजह से एक व्यवसायिक की मौत हो गई। घुरावारा गांव निवासी आनंद मौर्य ऑटोमोबाइल्स का काम करते थे। सुबह रोज की तरह उठकर दूध लाने के लिए भी निकले थे। कुछ देर बाद अचानक हृदय गति रुक जाने की वजह से हालत बिगड़ गई। परिजन उनको लेकर जब तक अस्पताल पहुंचते उनकी मौत हो चुकी थी। अचानक हुई मौत से परिजनों में हड़कंप मच गया है। सभी रो-रोकर बेहाल है।

### युवक को परिजनों ने पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** होली के दिन अपनी नाबालिग प्रेमिका से उसके घर मिलने गये युवक की किशोरी के परिजनों ने उसकी पिटाई कर दी। घायल युवक को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया है।

### गोवंश की पीठ पर मारी कुल्हाड़ी, वीडियो वायरल

**डलमऊ, रायबरेली।** अराजक तत्वों ने गोवंश को कुल्हाड़ी मार दिया। जिससे कुल्हाड़ी उसके पीठ में लगी हुई है। गोवंश के इधर-उधर भागने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। डलमऊ कस्बे में किसी अराजक तत्व ने एक गोवंश को कुल्हाड़ी मार दिया है। कुल्हाड़ी गोवंश के पीठ पर लगी हुई है, जिससे दर्द से कराहते हुए गोवंश इधर-उधर भाग रही है, जिसका वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश दिए।

### दुष्कर्म का लगाया आरोप

**नसीराबाद, रायबरेली :** डीह थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय युवती नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल होली खेलने आई थी। शाम को गांव के बाहर खेत में शौच के लिए गई थी। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे गांव का एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। मंगलवार को युवती ने थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि दुष्कर्म का प्रयास किया है, जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# सड़क हादसों में पांच लोगों की सांसें थमीं

▸▸ ऊंचाहार में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत, पीड़ित परिवारों में मातम का माहौल

संवाददाता, रायबरेली


संतोष की फाइल फोटो


एंबुलेस से घायल को लेकर जाते चिकित्साकर्मी।

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई। होली पर मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर सवैया तिराहे के निकट शहीद राजेंद्र यादव फिलिंग स्टेशन के सामने ट्रक की चपेटमें आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।

गदागंज थाना क्षेत्र के पूरे भुखान तिवारी का पुरवा मजरे अम्बारा मथई निवासी राजकुमार (18) पड़ोस के गांव पूरे बरियार निवासी धीरज (28) को लेकर सोमवार की दोपहर होली मिलने आया था। तभी अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में सामने टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि दोनों को मृत अवस्था में सीएचसी लाया गया था। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फरार ट्रक की तलाश की जा रही है।

बछरावां थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज पर बाइक अनियंत्रित होने से युवक डिवाइडर से टकराकर नीचे गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक संतोष पुत्र हरीभजन निवासी खजूरों थाना क्षेत्र शिवगढ़ लखनऊ-प्रयागराज मार्ग होते हुए अपने गांव की तरफ जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। घटना की जानकारी राहगीरों द्वारा एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से उसे बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां तैनात डॉ. प्रभात मिश्रा ने जांच के दौरान युवक को मृत पाया। थाना प्रभारी बिजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

मिल एरिया थाना क्षेत्र के कलंदरपुर निवासी शिवम (26) पुत्र शीतला प्रसाद बाइक से अपनी मौसी के गांव पूरे रत्ती मजरे मलिकमऊ चौबारा थाना गुरुबक्शगंज से वापस अपने घर जा रहा था। तभी पोरई गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिवम को लेकर जतुआ टप्पा सीएचसी पहुंची, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य घटना में राजन (30) पुत्र महबूब निवासी सतांव, यूसुफ (60) पुत्र मो. हनीफ निवासी कोरिहर थाना गुरुबक्शगंज मोटरसाइकिल से सतांव से रायबरेली की ओर जा रहे थे। तभी ढकिया चौराहा के समीप प्रतापगढ़ से कानपुर जा रही कार ने टक्कर मार दिया। इसमें राजन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी जतुआ टप्पा से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मौत की खबर से मातम में बदल गईं खुशियां


अरविंद की फाइल फोटो

**सेमरी, रायबरेली।** खीरों थाना क्षेत्र के छोटा भगत खेड़ा निवासी अरविंद पुत्र राजेंद्र रविवार शाम को घर का काम करने के बाद अपने एक रिश्तेदार को छोड़ने उन्नाव जनपद के राजामऊ गांव गया था। वापस घर लौटते समय उन्नाव जनपद के बिहार थाना क्षेत्र के आकमपुर तिराहे के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें अरविंद की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक के पास मिले फोन से परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा मिली सूचना पर होली की खुशियों में पल भर में मातम छा गया। सोमवार की देर रात शव घर पहुंचा तो परिजनों समेत रिश्तेदारों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अरविंद अपने पांच भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। उसके भाई विजय, दिलीप, मनोज, अरुण बाहर नौकरी करते हैं। वहीं बहन प्रतिमा घर पर रहती है।

## सार-संक्षेप

### पानी डालकर दबंग ने बुझाई होली, मचा हड़कंप

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दबंग ने रविवार की रात जलती होली को सबमर्सिबल पंप चला कर बुझा दिया, इससे हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पूरे दयाल सिंह मजरे रमईपुर कला गांव में रविवार की रात विधि विधान से होली जलाई गई और लोग ताप ही रहे थे, तभी गांव का एक दबंग आ गया और अपना सबमर्सिबल पंप चलकर होली को बुझा दिया इससे वहां हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आरोपी से उलाहना दिया तो उसने गालियां दी। दूसरे दिन ग्रामीणों ने फिर से होली जलाकर रस्म पूरी की। गांव के अमर बहादुर, उमाशंकर आदि ने थाने में तहरीर देखकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है की तहरी मिली है आरोपी की तलाश की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में युवक का कमरे में लटकता मिला शव

**डलमऊ, रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव कमरे के अंदर लटकता मिला है। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं परिजनों का कहना है कि युवक काफी दिनों से परेशान था। कोतवाली क्षेत्र के पूरे लालू हिंगा मऊ निवासी विवेक कुमार उर्फ मोनू पुत्र चंद्र मोहन यादव सोमवार रात को अपने कमरे में सो गया। सुबह जब काफी देर तक नहीं उठा तो परिजनों को चिंता हुई। दरवाजा खोला तो उसका शव कमरे में लगे पंखे से साड़ी के सहारे लटक रहा था। यह देख सभी लोग अवाक रह गए। परिजनों ने घटना की जानकारी डलमऊ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। मृतक के पिता चंद्र मोहन यादव की माने तो उनका बेटा पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में रहता था। घटना कैसे घटित हुई यह उनकी जानकारी में नहीं है। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हकीकत का पता चल सकेगा।

### पुलिस बूथ के सामने मारपीट का वीडियो वायरल

**संवाददाता, रायबरेली।** होली के हुड़दंग में सराबोर युवा इतना बेखौफ हो गए है कि सरेआम पुलिस चौकी के सामने अराजकता फैलाने पर उतारू है। अराजकता फैलाने वालों पर पुलिस का भय बिल्कुल नही दिख रहा है। पुलिस चौकी के सामने मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जबकि वहां पर मौजूद यातायात कर्मी असहाय नजर आ रहा है। शहर कोतवाली के डिग्री कॉलेज चौराहे पर हाल ही में एक पुलिस बूथ बनाई गई है। जिससे शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। लेकिन यहां चौकी के सामने ही जब मारपीट होने लगी तो लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यही नहीं वायरल वीडियो में पुलिसकर्मी भी दिखाई दे रहे है, लेकिन बीच बचाव करने की बजाय दूर से खड़े होकर तमाशा देख रहे हैं। बूथ के सामने पुलिस की मौजूदगी में वायरल हुआ वीडियो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र में स्थित इस पुलिस बूथ के सामने अराजकता फैलाने का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस महकमा भी हरकत में आ गया। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जाएगी।

### किसानों ने निकाली शहीद यात्रा, किया सम्मानित

**सरेनी, रायबरेली।** शहीद दिवस के मौके पर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा की अगुवाई में शहीद यात्रा निकाली गई। इस दौरान सरेनी व गहरौली के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही नशा छोड़ने वालों को सम्मानित भी किया गया। शनिवार को रैली सबसे पहले सरेनी स्थित शहीद स्मारक पहुंची, जहां लोगों ने क्षेत्र के पांच वीर सपूतों को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद रैली गहरौली गांव में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। विशायकपुर गांव में रैली का समापन हुआ, जहां नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा छोड़ने वाले युवकों को सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोग पहले नशा करते हैं फिर नशा उनको खाने लगता है। इससे नशे की लत से दूर रहना बेहतर है। इस मौके पर थानाध्यक्ष संजय कुमार, शशिकांत तिवारी, गोविंद सविता, लक्ष्मीकांत शर्मा, घनश्याम सिंह, अनूप पाण्डेय, सरोज शर्मा, सुमित विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला, चंदिका प्रसाद शुक्ला, कुसमा देवी, रक्षा कुमारी, स्वाती देवी आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष प्रधान समेत आठ घायल

**सलोन, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम दुबहन गांव में होली के दिन हुआ मामूली विवाद भीषण मारपीट में तब्दील हो गया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। यहां से दो की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। नवागन्तुक थानाध्यक्ष द्वारा होली पर्व को लेकर बनाया गया भौकाली ट्रेलर फेल हो गया। होली के दिन दोपहर में पुलिस की निष्क्रियता से प्रधान समेत दो पक्ष आमने सामने हो गया। ग्राम प्रधान दुबहन कमलेश पटेल उनके पुत्र अक्षत पटेल अमित पटेल से विपक्षी सुरेश सरोज से किसी बात को मामूली कहासुनी शुरू हो गई थी। जिसके बाद मामला शांत हो गया था। करीब एक घंटे बाद प्रधान पक्ष और विपक्षी सुरेश की तरफ से प्रदीप उपाध्याय, पंकज, अभिषेक, पुतान आमने-सामने हो गए। इसके बाद दोनों तरफ से जमकर एक दूसरे पर लाठियां चली। मारपीट के दौरान पुलिस नदारत रही। दोनों पक्ष से आठ लोगों को गम्भीर चोट आई है। घायल सुरेश सरोज, राजेन्द्र, अभिषेक दूसरे पक्ष से प्रधान कमलेश, उसकी पत्नी नैना देवी, अक्षत और अमित सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। यहां से सुरेश और राजेंद्र को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत है।

## शराब पीने से ग्रामीण की बिगड़ी हालत, मौत

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे गेंदऊ मजरे बेवल निवासी रामलखन (47 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि होली के एक दिन पहले उसने गांव में शराब पी थी, जिसके बाद वह बुरी तरह छटपटाने लगा। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी तारा देवी, बेटा कुलदीप (21) व हिमांशु (6), बेटी मानसी (10) और महक (8) वर्ष हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मुंशी की डंडे से पीटकर हत्या

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ मिलएरिया थाना से चंद कदम की दूरी पर वारदात अंजान बनी रही पुलिस

**अमृत विचार।** जिले की पुलिस कितनी मुस्तैद है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित धर्मकांटा पर मुंशी की की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगती है। सुबह जब लोग धर्मकांटा के निकट से गुजरे तो खून से सना श्रमिक का शव पड़ा देखा।

सूचना मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ने अपनी लापरवाही पर पर्दा डालते हुए तेजी दिखाने लगी। लेकिन स्थानीय लोगों में मिल एरिया पुलिस की वसूली को लेकर खूब चर्चा है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के देवानंदपुर गांव निवासी मनीष सोनकर गांव के पास ही एक धर्मकांटा पर मुंशी के साथ ही देखरेख का काम करता था। बीती रात धर्म कांटा से कुछ कदम पीछे परिसर में ही उसका शव अर्धनग्न अवस्था में खून से सना पड़ा मिला।

ग्रामीणों के माध्यम से घटना चर्चा आम हुई तो जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किये। मृतक के शरीर में चोट के निशान पाए गए हैं, लेकिन सर य गर्दन पर किसी तरह की चोट नही मिली है। ग्रामीणों ने पूछताछ में बताया मृतक का अपने भाइयों से भी कोई संबंध नहीं था। वह घरवालों से काफी से अलग रहता था। वही घटना स्थल से चंद कदम की दूरी पर स्थानीय थाना भी है, लेकिन अपराधियों ने दुस्साहस दिखाते हुए घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं मौके से पुलिस को कुछ डंडे भी मिले हैं।

आशंका जताई जा रही है कि डंडो से पीटकर युवक की हत्या की गई होगी। क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह ने भी घटनास्थल का जायजा लिया।

# मिसाल बना ओनई का होलिका दहन

**सतांव, रायबरेली।** भारतीय संस्कृति और खासकर हिन्दू धर्म में चिरकाल से ही त्यौहारों का विशेष महत्व रहा है। होली, दीपावली, दशहरा, नवरात्रि, रक्षाबंधन आदि मुख्य त्यौहारों में होली का विशेष महत्व है। होली का पर्व जहां आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है, वही समाज को यह भी संदेश देता है कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली हो परंतु जीत सदैव ही अच्छाई की होती है। प्राचीन काल से ही हिन्दू संस्कृति के अनुयायी इन्ही त्यौहारों के माध्यम से अपनी भावी पीढ़ियों को सत्य और धर्म की महत्ता का बोध कराते चले आ रहे है।

वहीं ओनई गांव में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। युवाओं ने पौराणिक गतिविधियों के साथ ही आधुनिक क्रियाकलापों को शामिल करते हुए एक अनूठा होलिका दहन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। गांव के युवाओं ने बड़े जोश के साथ होलिका दहन स्थल को फूल-मालाओं, रंगोलियों से खूब सजाया। लोगों के जलपान का भी अच्छा प्रबन्ध किया गया। इसके बाद पूजन उपरान्त होलिका दहन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। होलिका दहन के इस अनूठे कार्यक्रम में रीतेश शुक्ला, ललित गुप्ता, अनूप कुमार, सुधीर मौर्या, मोहित मौर्या, राकेश गौड़, शेखर, करन सिंह, सत्यम गुप्ता आदि मौजूद रहे।


ओनई गांव में सजी होलिका।

# अमृत सरोवर में नहाने गये किशोर की डूबने से मौत


आकाश पांडे की फाइल फोटो

**डलमऊ, रायबरेली:** होली खेलने के बाद घर के पास ही बने अमृत सरोवर में नहाने गए दो सगे भाइयों में से एक की डूब कर मौत हो गई। गदागंज थाना क्षेत्र के अंबारा मथई निवासी सत्यम पांडे का 14 वर्षीय बेटा आकाश पांडे अपने छोटे भाई आदर्श पांडे के साथ होली खेलने के बाद पास ही में बने अमृत सरोवर तालाब में नहाने के लिए गया था।

नहाते समय बड़ा भाई आकाश गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख छोटा भाई चीख पुकार करते हुए घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन जब तक तालाब पहुंचते और बाहर निकालते उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर तहसीलदार डलमऊ ध्रुव नारायण यादव ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के द्वारा पोस्टमार्टम करने से मना करते हुए पंचनामा करके शव को दफना दिया है।

# एचटी लाइन का तार चोरों ने किया पार

**सलोन, रायबरेली :** कोतवाली सलोन क्षेत्र के एक गांव से चोरों ने सात पोल (बिजली के खंभों) की एचटी लाइन के तार चोरी कर ले गए, जिसकी कीमत एक लाख रुपये है। तार चोरी करते वक्त दूसरी एचटी लाइन पर तार गिरने से इलाके के डेढ़ हजार से अधिक उपभोक्ता के घरों की बत्ती गुल हो गई। बिजली विभाग के अधिकारियों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध विद्युत तार चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमावां विद्युत केंद्र से सलोन विद्युत उपकेंद्र को एचटी 33केवी लाइन से सप्लाई दी जाती है। 23 मार्च की रात्रि 12 बजे के करीब सूची की लाइन ब्रेक डाऊन हो गई, जिससे सूची टाउन और ग्रामीण क्षेत्र में अंधेरा छा गया। इसके बाद पेट्रोलिंग के दौरान रतनपुर गांव के समीप सात पोल से 33केवी की डग लाइन चोरी होने की सूचना पर हड़कम्प हो गया। जेई रंजन कुमार ने बताया कि चोरों द्वारा तार चोरी करते वक्त एक लाइन सूची की विद्युत लाइन पर गिर गई, जिससे सूची की आपूर्ति बाधित हुई। उन्होंने बताया कि चोरी हुई तार की कीमत एक लाख रुपये है।

## एक साल पहले भी हो चुकी है चोरी

एक वर्ष पूर्व भी बंद पड़ी 33केवी लाइन को अज्ञात चोर काटकर चोरी कर ले गए थे। 15/16 अप्रैल 2023 की रात चोरों ने सूची चौकी क्षेत्र के दांदूपुर से सेमरी झकरासी तक लगभग नौ पोल (खंभे) से लाखों रुपये की तार काटकर चोरी कर फरार हो गए। तत्कालीन अवर अभियंता अमित श्रीवास्तव ने तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया था। जांच के दौरान बिजली के ठेकेदारों के नाम सामने आए थे। इसमे ठेकेदारों के सहयोगी चार युवक मोहम्मद इबरार ग्राम गेंदा उमरिया, रमेश यादव, जसवंत यादव गरीब का पुरवा पारी, बृजेश, अखिलेश निवासीगण बिसाइया को चोरी के विद्युत तार के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# साइकिल सवार किसान की खाई में गिरने से मौत

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को साइकिल से बाजार जा रहा किसान अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। लालपुर मजरे बरौंडी निवासी किसान महरानीदीन लोधी (55) का बड़ा बेटा मनोज लोधी और छोटा बेटा संजय परदेश में नौकरी करता है। उसके साथ पत्नी नन्हका, छोटी बहू अनीता के साथ घर पर रहती थी।

मंगलवार को महरानीदीन ग्रामीणों के साथ फाग गाकर होली की खुशियां मना रहा था। दोपहर बाद लगभग तीन बजे वह साइकिल से दुलारेपुर गांव की बाजार से सब्जी लेने जा रहा था। वह जैसे ही खीरों-अतरहर मार्ग पर विश्वनाथखेड़ा गांव के पास स्थित एक ईंट भट्ठे के सामने पहुंचा, तभी उसकी साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गहरी खाई में गिर गई और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन जब तक उसे उपचार के लिए सीएचसी खीरों ले जाने का प्रयास करते तब तक उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गई। इस घटना से मृतक की पत्नी नन्हका लोधी, बेटे मनोज लोधी, संजय लोधी, बहू सविता लोधी, अनीता लोधी, बेटी गुड्डी देवी, सोमवती और सन्नो देवी सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया है।

# 500 साल बाद आज भी डलमऊ में तीन दिन बाद मनाई जाती है होली

हर्षित शुक्ला

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** होली का त्यौहार भले ही देश व समाज के कोने-कोने में खुशियां लेकर आता हो, लेकिन डलमऊ के लोगों के लिए यह त्यौहार लगभग 500 वर्षों से एक अभिशाप बना है। इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में होली के दिन शोक मनाया जाता है। जिसके कारण क्षेत्र में होली के त्यौहार पर 3 दिन का सूदक मानने के बाद होली का त्यौहार मनाया जाएगा।

इसी दिन यहां के जनप्रिय प्रजावत्सल राजा डल की हत्या शाह शर्की की सेनाओं के द्वारा कर दी गई थी। हत्या उस समय की गई थी जब राजा अपनी प्रजा के साथ होली के रंग में सराबोर थे राजा डल सूर्यवंशी परंपरा के अंतिम राजा के रूप में माने जाते हैं। इतिहास की

**कहीं खुशी कहीं गम पुरानी यादों को ताजा करता डलमऊ का इतिहास**

यह हृदय विदारक मार्मिक घटना ने डलमऊ का इतिहास ही बदल कर रख दिया। उनका शासन 1402 ई. से 1421 ई. तक माना जाता है। घटना के पीछे एक किंवदंती है। बाबर सैयद की पुत्री सलमा कुशाग्र बुद्धि वाली और रूपवती थी वह अपने सिपहसालारों के साथ जल मार्ग से गंगा के रास्ते डलमऊ क्षेत्र में शिकार खेलने आई थी। इधर राजा डल अपने अंगरक्षकों के साथ आखेट पर निकले थे।

आखेट के दौरान ही प्रतापगढ़ जनपद के कड़े मानिकपुर नामक स्थान पर दोनों की आंखें चार हुई यही वह क्षण था जिसने डलमऊ का भाग्य बदलने का काम किया। सलमा की खूबसूरती ने राजा को



डलमऊ में स्थित राजा डल की प्रतिमा।

मोहित कर दिया। उन्होंने सलमा से मिलने का नाकाम प्रस्ताव भी भेजा, जिसके बाद राजा डल अपने अंगरक्षकों के साथ डलमऊ वापस आ गए। राजा ने अपने महल वापस आकर अपने सेनापति के माध्यम से आमंत्रण भेजा। आमंत्रण पाकर सलमा क्रोध की ज्वाला में जल उठी, उसने राजा डल के कृत्य कार्य को घृष्टता मानते हुए बदला लेने की ठान ली। वह फौरन अपने लाव लश्कर के साथ जौनपुर के लिए लौट पडी। उसने आप बीती बाबर सैय्यद को बताई।

बाबर सैय्यद ने इस बाबत जौनपुर के बादशाह इब्राहिम शाहशर्की से बात की। शाहशर्की ने राजा के कार्य को अपना अपमान समझा उन्होंने राजा से बदला लेने की ठान ली शाहशर्की यह भली भांति जानता था कि वह आमने-सामने से युद्ध में राजा से पार नहीं पा सकता था अतः उसने क्षेत्र में जासूस लगा दिए गुप्तचर पल पल की सूचना शाहशर्की को भेजने लगे इस कार्य में डलमऊ के ही जुम्मन व जुनैद नाम के दो घर के भेदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने शाहशर्की को सुझाव दिया कि राजा से बदला लेने का सबसे सुनहरा अवसर होली के दिन रंग खेलने के समय का है क्योंकि उस दिन राजा प्रजा के साथ रंग में सराबोर हो जाते हैं और अधिकांश फौज होली की छुट्टी पर चली जाती है।

शाहशर्की की सेनाओं ने लुक छिप कर राजा पर आक्रमण कर दिया राजा और प्रजा सभी निहत्थे थे फिर भी राजा हिम्मत नहीं हारे उन्होंने फाग में सराबोर होते हुए डलमऊ के पास सूरजूपुर में शाहशर्की की सेनाओ से युद्ध किया और वीरगति को प्राप्त हुये। ऐसी भी मान्यता है कि शाहशर्की की सेनाओ के साथ सलमा भी मौजूद थी वह राजा की मृत्यु के बाद उनका सिर लेकर भाग निकली जब कि धड़ सुरजूपुर के पास ही रह गया वही आज भी राजा की विखंडित प्रतिमा के रूप मे उनकी पूजा की जाती है।

### इन गांवों में तीन दिन बाद खेली जाती है होली

राजा डल की याद में आज भी डलमऊ क्षेत्र के इन गांव में तीन दिन बाद होली का त्यौहार मनाया जाता है। इनमें डलमऊ ग्राम पंचायत के 27 गांव पूरे वल्ली, नेवाज गंज, पूरे बघेलन, पूरे गुलाब राय, पूरे जोधी, नाथ खेड़ा, पूरे बिंदा भगत, पूरे रेवती सिंह, पूरे अंबहा, बबुरा आदि सहित मुराई बाग, पूरे लालता, पूरे कोयली, मोहद्दीनपुर, आफताब नगर, मखदुमपुर, बलभद्रपुर, पूरे सेखन मुर्शिदाबाद, दरबानीहार, पूरे चोपदारन, सदलापुर, ढेलहा, भीमगंज, दीनगंज, शिवपुरी, पूरे गुरबक्श, पूरे मातादीन, पूरे दुबे, पूरे भवानीदीन, कुरौली दमा, सूरजूपुर, पूरे पासिन, पूरे कोदऊ, पूरे डेरा, पूरे गोसाइन, शोभवापुर, ठाकुर द्वारा, पूरे बिजयी, पूरे देबीबक्श आदि गांव शामिल है।

# व्यापार मंडल ने विभिन्न क्षेत्रों की 51 विभूतियों को किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** आल इंडिया उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से होली मिलन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। वहीं अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 51 विभूतियों को सम्मानित किया गया।

व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय महामंत्री डा. मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि होली का पर्व हमें मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। अपने सारे गिले शिकवे भुलाकर साथ रहने के लिए प्रेरित करता है। वरिष्ठ समाजसेवी शैलेन्द्र अग्निहोत्री, राजा हर्षेन्द्र सिंह, अनूप मिश्र, हरिश्चन्द्र शर्मा, डा. सुधान्शु त्रिपाठी, डा. अनीता त्रिपाठी, डा. मनीष मिश्र, डा. मनीष त्रिवेदी, सुनील सिंह एडवोकेट, सूर्य कुमार बाजपेई ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान 51



महान विभूतियों का सम्मान किया गया, जिसमें चिकित्सा, शिक्षा, व्यापारी नेताओं का सम्मान किया गया। सत्यानन्द सावलानी का नागरिक अभिनन्दन किया गया।

शिव शक्ति मानव सेवा मण्डल व गुरुनानक प्याऊ मे लंगर की सेवा के लिए राजेन्द्र अवस्थी व मनजीत सिंह सलूजा को सम्मानित किया गया। संरक्षक सुरेन्द्र सिंह मोगा, इन्द्रकुमार, मनोज सोनकर, कृष्णाकान्त त्रिपाठी, भोमेश सोनी, त्रिलोचन सिंह, राजेन्द्र बाजपेई, चन्द्रिका प्रसाद भुन्दल, हरिहर सिंह का विशेष सहयोग मिला, जिसके लिए उन्हें व्यापार मण्डल द्वारा सम्मानित किया गया।

बृजलाल अग्रवाल, विनय द्विवेदी, शरीक राना, जैनुल अंसारी, सुरेन्द्र सिंह बग्गा, गुरजीत सिंह तनेजा, अनुराग दरियाबादी, जसबीर सिंह गांधी, प्रेमनाथ गुप्ता, अवतार सिंह गांधी, बलबीर सिंह तनेजा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स. हरमन्दर सिंह सलूजा जिलाध्यक्ष व्यापार मण्डल द्वारा किया गया। इस मौके पर इन्द्रजीत सिंह सलूजा, पंकज गुप्ता, दीपू सोनी, धर्मेन्द्र, डा. ज्ञानेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**नसीराबाद, रायबरेली।** होली के त्योहार पर रंग में भंग करते हुए चतुरपुर में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से आधा दर्जन से ज्यादा तो दूसरे पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर रात को ही यूपी डायल 112 सभी घायलों को नसीराबाद सीएचसी में भर्ती करवाया। मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के चतुरपुर ग्राम पंचायत का है, जहां रास्ते के विवाद को लेकर होली के त्योहार पर नशे की हालत में दो पक्षो भिड़ंत हो गई।

चतुर पुर निवासिनी शांति देवी पत्नी लाल सिंह ने बताया कि वह घर पर थी। तभी गांव के विपक्षी प्रभात, सानू, लवकुश आदि लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडा से लैस होकर नशे की हालत में आए और मारपीट करने लगे। मारपीट में आधा दर्जन से ज्यादा लोगो को चोटें आई हैं। घर की गृहस्थी भी नष्ट की गई है। मामले में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि दोनों तरफ से तहरीर मिली है। पुलिस जांच कर रही है।

# जज एडवोकेट जनरल बनकर अब दीक्षा त्रिपाठी करेंगी देश की सेवा

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** अमरेशपुरी कॉलोनी स्थित दया भवन में रहने वाली दीक्षा त्रिपाठी का चयन भारतीय सेना में बतौर जज एडवोकेट जनरल हो गया है। जज एडवोकेट जनरल बनने के उपरांत अपने पैतृक निवास रायबरेली में प्रथम आगमन पर दीक्षा त्रिपाठी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बताते चलें कि दीक्षा ने राष्ट्रीय स्तर की आर्मी जैग परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए देश में चौथा स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है।

उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अमिताभ त्रिपाठी और जयश्री त्रिपाठी अपनी बेटी दीक्षा की इस सफलता पर बेहद खुश हैं और सफलता का श्रेय बेटी की लगन और पढ़ाई के प्रति निष्ठा तथा एकाग्रता को देते हैं। दीक्षा पढ़ाई के साथ साथ तैराकी और बैडमिंटन की जिला स्तरीय चैंपियन भी रह चुकी है। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव एवं राइजिंग चाइल्ड



दीक्षा त्रिपाठी का बुके देकर स्वागत करते रोटरी क्लब के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव।

स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने दीक्षा त्रिपाठी का बुके देकर स्वागत किया।

अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षा के पिता अमिताभ त्रिपाठी स्वयं सेना में जाना चाहते थे परंतु पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण वो सेना में रहकर देश की सेवा कर पाने से वंचित रहे, किंतु उनकी बेटी दीक्षा ने भारतीय सेना में बतौर जज एडवोकेट जनरल और बेटे अभिनव त्रिपाठी ने लेफ़्टिनेंट बनकर पिता अमिताभ त्रिपाठी और मां जयश्री का सपना साकार किया है, जो माता और पिता के साथ रायबरेली के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर आनंद त्रिपाठी, असीम श्रीवास्तव, आदित्य उपाध्याय, अधिवक्ता सतीश शर्मा, अर्शित श्रीवास्तव, अनुराग त्रिपाठी, शिव शंकर पांडेय, रोशनी त्रिपाठी, निधि त्रिपाठी, पारिवारिक सदस्यों, मोहल्लेवसियों और इष्ट मित्रों ने उपस्थित रहकर दीक्षा को शुभकामनाएं दिया।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में दो गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**डीह, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के रायपुर टोड़ी गांव निवासी राजेश और विक्रम मंगलवार की दोपहर बाइक से मऊ जा रहे थे। तभी मऊ गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से दोनो घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी डीह लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**डीह, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अब्दुल जलील निवासी पुरवारा, जलेसरगंज थाना लालगंज जिला प्रतापगढ़ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

### ढाबे में घुसी तेज रफ्तार कार

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली सुल्तानपुर हाईवे पर सोमवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बने ढाबे में घुस गई। गनीमत रही की होली का त्यौहार होने की वजह से ढाबा बंद था और कोई जनहानि नहीं हुई। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली सुल्तानपुर हाईवे पर सोमवार की दोपहर रोड से गुजर रही एक कार अनियंत्रित होकर बरवारीपुर के पास हरिओम ढाबे से घुस गई। कार की टक्कर से ढाबे पर रखी टीन सेड क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि कार के भी परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि होली का त्यौहार होने की वजह से ढाबा बंद था। और ढाबे पर कोई भी मौजूद नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना के बाद सवार कार छोड़कर मौके से भागने में कामयाब रहे। ढाबे के मालिक की तरफ से सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस छानबीन कर रही है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कार के नंबर के सहारे कार चालक की तलाश की जा रही है।

### पत्रकार को पितृशोक, लोगों ने व्यक्त की संवेदना

**ऊंचाहार, रायबरेली।** वरिष्ठ पत्रकार क्षेत्र के अरखा गांव निवासी रजनीश पांडेय के पिता डा श्रीकांत पांडेय का सोमवार की देर रात निधन हो गया। इससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। राजनेताओं और बुद्धजीवियों ने उनके आवास पहुंचकर संवेदना व्यक्त की है। करीब 70 वर्षीय दिवंगत डॉ पांडेय की तबियत सोमवार की शाम अचानक बिगड़ गई। उसके बाद तत्काल उन्हे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की सूचना जैसे ही क्षेत्र में फैली हर तरफ शोक छा गया और शोक संवेदना के संदेश आने लगे। ऊंचाहार के पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह ने डॉ पांडेय के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मेरे परिवार से बहुत करीबी रिश्ता था। ये मेरे लिए निजी तौर पर बड़ी क्षति है। हमने अपने पिता के साथी रहे एक मार्गदर्शक को खो दिया है। मंगलवार को दिवंगत के पार्थिव शरीर का अरखा गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके पत्रकार पुत्र रजनीश पांडेय ने चिता को मुखाग्नि दी। इस शोक स्थल पर सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। अंतिम संस्कार के बाद डा पांडेय के निवास पर संवेदना व्यक्त करने वालों के तांता लगा रहा। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष चंद्र कौशल, ऊंचाहार नगर पंचायत चेयरमैन के प्रतिनिधि कृष्ण चंद्र जायसवाल उर्फ टिल्लू, वरिष्ठ पत्रकार राजाराम मौर्य, रमेश शुक्ल, पवन त्रिपाठी, विपुल शुक्ल, विवेक सिंह, सागर त्रिपाठी आदि ने उनके घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया है।

### संदिग्ध हालात में गोमती नदी में मिला युवक का शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बरुई गांव निवासी युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में पाया गया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के बरुई गांव निवासी बरखू निषाद (41) पुत्र हरिलाल होली के दिन शाम चार बजे घर से निकला था। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे नदी के किनारे बरखू का कपड़ा ग्रामीणों को दिखाई पड़ा। इसकी सूचना प्रधान द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर थानाध्यक्ष धीरज कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे बरुई गांव स्थित गोमती नदी में पुल के पास बरखू के शव को बरामद कर लिया।

# ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों की मौत

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** नसीराबाद-जायस बॉर्डर पर मंगलवार देर शाम ट्रक की टक्कर से दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों मृतक डीह थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

डीह थाना क्षेत्र के रामगंज कुटिया निवासी अखिलेश पासी पुत्र चंद्रभान व धर्मराज पुत्र श्रीपाल रिश्तेदार के घर अमेठी जनपद के जायस कस्बे में होली मिलने गए थे। वापस लौटते समय नसीराबाद मार्ग पर पंकज महेश्वरी महाविद्यालय के पास ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए।

आनन-फानन में उन्हें नसीराबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम**

धर्मराज के माता-पिता नसीराबाद कस्बे में कुछ काम से आए थे। बेटे की मौत की जानकारी मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद पहुंचे तो दोनों बेटे की मौत की जानकारी मिलते ही दोनों दहाड़ मार के रो पड़े।

रोते हुए पिता बेहोश हो गए। किसी तरह उन्हें होश में लाया गया। धर्मराज की शादी हो गई है दो बच्चे आठ साल का पुत्र विवेक व पांच साल की पुत्री निधि है।

दूसरा मृतक अखिलेश अपने भाई अन्नू से मिलने जायस के चौधराना मोहल्ला गया था। रोते हुए अन्नू ने बताया कि दोनों को वह रोक रहा था लेकिन वे नही रुके और यह हादसा हो गया।

# आग से चार घर राख भाई-बहन झुलसे

**डीह, रायबरेली।** हरिनाथ नगर मजरे मऊ निवासी अशोक कुमार, महेश कुमार, उमेश कुमार, रमेश कुमार गांव में छप्पर डाल कर रह रहे थे। सोमवार की रात लगभग 11 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे इनके घरो में रखी नकदी, कपड़े, आभूषण, बर्तन सहित सारी गृहस्थी जल कर राख हो गयी। आग लगने छप्पर के नीचे सो रहा छह वर्षीय विकास भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर उसे बचाने गई उसकी बड़ी बहन 14 वर्षीय नंदिनी भी झुलस गई। परिजनों ने झुलसे बच्चे व किशोरी को उपचार के लिए सीएचसी नसीराबाद ले गए जहां से बच्चे विकास की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।






























## एक नजर

### किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के कटरा मोहल्ले में अज्ञात कारणों के चलते नाबालिग युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को कटरा निवासी अनिल की 16 वर्षी पुत्रीय कोमल ने घर के अंदर दूसरी मंजिल पर पंखे से लटक कर आत्म हत्या कर ली। ज़ब घर वालों ने ऊपर जाकर देखा तो कोमल पंखे से लटकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवती का बीमारी के चलते इलाज चल रहा था। घटना से होली की खुशियां मातम में पसर गईं।

### तेज रफ्तार में बाइक चलाने से मना किया तो पीटा

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर में तेज रफ्तार मोटर साइकिल चलाने से मना करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला उधरनपुर निवासी राजेश कुमार पुत्र पाती राम ने बताया गांव का जगड़ तेज रफ्तार मोटरसाइकिल लेकर उसकी गली से निकल रहा था। उसने मना किया तो जंगड़ ने अपने भाई प्रेमपाल, पिता सुशील और लालाराम ने एक राय होकर उसे मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गर्भवती ने लगाया मारपीट कर घायल करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर में एक गर्भवती ने गांव के दबंगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी प्रिया पत्नी विमलेश शर्मा ने बताया वह अपने घर के पड़ोस में घूरे पर कूड़ा डालने गई थी। इसी बात को लेकर विपक्षी रविंदर ने अपने पिता के साथ मिलकर उसे गाली गलौज करते हुए मारा पीटा।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार मौसा व भांजे की मौत

## सोमवार शाम होली मिलने जाते समय पाली-पचदेवरा रोड पर दरियाबाद ईंट-भट्टे के पास हुई दुर्घटना

हरदोई

**अमृत विचार।** रिश्तेदारी में होली मिलने जा रहे बाइक सवार मौसा उसके भांजे की सामने से आ रही मोपेड से टकरा कर मौत हो गई, जबकि मोपेड सवार दो युवक ज़ख्मी हो गए। हादसा सोमवार की देर शाम को पाली-पचदेवरा रोड पर दरियाबाद ईंट-भट्टे के पास होना बताया जा रहा है।

बताया गया है कि सोमवार की शाम को शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी 28 वर्षीय मुखलाल पुत्र रामपाल अपने साढ़ू राजपाल निवासी सिकंदरपुर जलालाबाद के 17 वर्षीय पुत्र शोभित के साथ बाइक से भरखनी अपने मामा के घर होली मिलने जा रहा रहा था। उसी बीच दरियाबाद ईंट-भट्ठे के पास उसकी बाइक और सामने से आ रही मोपेड में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार मुखलाल और शोभित के




अलावा मोपेड सवार शिवांशु (23) पुत्र दाताराम व सुरजीत (21) पुत्र रामसागर निवासी चम्पतपुर थाना अल्हागंज शाहजहांपुर ज़ख्मी हो गए। जिसमें बुरी तरह ज़ख्मी मुखलाल और शोभित को सीएचसी ले जाया गया, जहां से उन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मंगलवार को दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### बस खाई में गिरी, कंडक्टर घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** दिल्ली से वापस लौट रही बस बेकाबू हो कर खाई में जा गिरी। जिससे उसके कंडक्टर की मौत हो गई। हादसा सोमवार की सुबह बेनीगंज कोतवाली के नयागांव के पास होना बताया गया है। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। सोमवार की सुबह बेनीगंज कोतवाली के नयागांव के पास दिल्ली से वापस लौट रही बस एका-एक बेकाबू होकर वहीं खाई में पलट गई, जिससे बस का कंडक्टर शादाब निवासी पट्टी थाना गढ़ मुक्तेश्वर ज़िला हापुड़ बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस उसे ज़ख्मी हालत में सीएचसी कोथावां पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। एसएचओ बेनीगंज संजय त्यागी ने बताया है कि कंडक्टर के घर वालों को सूचना भेजी गई है। उनके पहुंचने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में घायल बाइक सवार की हालत गंभीर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बाजार से खरीदारी कर घर वापस जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सीएचसी से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगोहा निवासी फूल सिंह शाहाबाद से होली के लिए जूते खरीद कर रात्रि तकरीबन 9 :30 बजे वापस घर जा रहा था। मोहल्ला गढ़ी के पास वाहन ने उसके टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### कार डिवाइडर से टकराई, शटरिंग कारोबारी की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** शटरिंग का कारोबार करने वाला युवक कार से ससुराल गया हुआ था और वहीं से अकेले वापस लौट रहा था। उसी बीच हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पर गुलामऊ पुलिया के पास उसकी कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बेहटा गोकुल थाने के बल्हेरा गांव निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र उर्फ लालू पाल पुत्र ऐलम रामपाल शहर में शटरिंग का कारोबार करता था। उसकी पत्नी वर्षा इकलौती बेटी के साथ अपने मायके टड़ियावां में थी। जितेंद्र उर्फ लालू पाल उनसे मिलने ससुराल गया हुआ था। जहां से वह सोमवार की दोपहर को डिज़ायर कार से अकेले अपने घर लौट रहा था। उसी बीच हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पर कोतवाली देहात के गुलामऊ पुलिया के पास पहुंचते ही उसकी कार बेकाबू हो कर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें जितेंद्र उर्फ लालू पाल बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वह अपने तीन भाइयों में बड़ा था। उसकी शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। हादसे में उसकी मौत होने की खबर से घर-परिवार में कोहराम मच गया।

### होली में डीजे वाहन के नीचे दबकर बच्चे की मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के तड़ेर गांव में होली के फाग के बीच डीजे लदे पिकअप डाला के नीचे दबकर बालक की मौत हो गई। घटना के दौरान गांव के युवक शराब और भांग की मस्ती में डांस कर रहे थे। इसी दौरान अचानक डीजे लगे पिकअप डाले के नीचे सात वर्षीय आ गया। बच्चे के सिर के ऊपर से पिकअप डाले का पहिया निकल गया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में उसे सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के तड़ेर गांव के रहने वाले नरेंद्र का 7 वर्षीय पुत्र राजा बाबू गांव में निकल रहे होली के डीजे जुलूस को देख रहा था। अचानक पिकअप डाला चला रहा लल्लू समझ नहीं पाया और पिकअप के पहिए के नीचे सात वर्षीय राजा बाबू आ गया। उसके सिर के ऊपर से पिकअप डाले का पहिया निकल गया, सीएचसी में डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिवार की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

### स्कूल के बच्चों को कराया शैक्षिक भ्रमण

**हरदोई।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत विकास क्षेत्र कछौना के परिषदीय विद्यालयों/उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट लखनऊ के विज्ञान आंचलिक केन्द्र के टूर पर भेजा गया। बच्चों को ले जाने वाली दोनों बसों को एआरपी दीपक जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नौनिहालों साथ में स्वंय टूर पर गए। इस अभियान के तहत जाने वाले छात्र-छात्राओं का चयन बीआरसी कछौना पर विज्ञान विषय से संबंधित क्विज परीक्षा से किया गया। छात्र/छात्राओं को नाश्ता, बैग, कॉपी, जॉमैट्री बॉक्स दिया गया। दोपहर के खाने की व्यवस्था विज्ञान आंचलिक केंद्र में ही की गई। सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत आंनद लिया व विज्ञान विषय व उससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के साथ 10 शिक्षक व एआरपी दीपक जायसवाल व राजेश मौजूद रहे।

# दबंगों ने अधेड़ पर किया फॉयर, गंभीर

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** भतीजे से हुई कहासुनी के चलते उसे धमकाने वाले दबंगों ने घेराबंदी कर ताबड़तोड़ गोली चला दी, जिससे उसके चाचा सिर, गर्दन और सीने में गोली लगने से बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। शाहाबाद कस्बे में रविवार को कहासुनी होने के बाद सोमवार को इस तरह की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन करने में जुटी हुई है।

बताया गया है कि रविवार को शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला महमंद निवासी अल्तमश और वहीं के



गोली लगने से घायल सोहेल। अमृत विचार

रिज़वान के बीच पुरानी रंजिश के चलते कुछ कहासुनी हो गई थी। इसका पता होने पर अल्तमश के चाचा सोहेल खां पुत्र इकबाल खां भी वहां पहुंच गए। बताते है कि रिज़वान और उसके साथियों ने उनके साथ भी गलत बर्ताव किया। साथ ही देख लेने की धमकी दी। सोमवार को अल्तमश किसी काम से बस अड्डे गया हुआ था, इसी बीच खबर मिली कि रिज़वान और उसके साथी किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से माता तालाब के पास खड़े हुए है। इसका पता होते ही अल्तमश के चाचा सोहेल कुछ लोगों के साथ उस तरफ जा रहा था, उसी बीच तालाब के पास पहुंचते ही रिज़वान और उसके साथियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें सोहेल के सिर, गर्दन और सीने में गोली लगी। वह वहीं पर गिर पड़ा। उसी बीच हमलावर भाग निकले। बुरी तरह ज़ख्मी सोहेल को सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया।

# लाठी-डंडे से पीटकर अधेड़ की हत्या

हरदोई

**अमृत विचार।** कूड़ा फेंकने की बात इतनी बढ़ गई कि पड़ोसियों ने अपने पड़ोसी को लाठियों से इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी मौत हो गई। इस तरह की वारदात सोमवार को टड़ियावां थाने के साखिन गांव में होना बताई गई है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

सोमवार की शाम को साखिन निवासी कुन्दन (50) कूड़ा फेंकने गया हुआ था। कूड़ा फेंकने की बात पर उसके पड़ोसी रामनरेश और श्यामदास ने कोई बात कह दी, वहीं बात इतना तूल पकड़ गई कि वह दोनों घर से लाठी उठा लाए और कुन्दन को बुरी तरह से पीटने लगे, जिससे गांव में अफ़रा-तफ़री मच गई। सिर में गहरी चोंट पहुंचने से कुन्दन गिरकर बेहोश हो गया। उसी बीच दोनों हमलावर वहां से भाग निकले। कुन्दन को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसका पता होते ही समूचे गांव में कोहराम मच गया। पुलिस सारे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर किशोर को पीटा

**बेनीगंज (हरदोई)।** घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज कर रहे युवक को गाली गलौज करने से मना करने गए नाबालिग को युवक ने पीटा, नाबालिग को आई गंभीर चोटें। बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला अहिरन टोला निवासी विमला पत्नी बड़क्के ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात वह अपने बच्चों के साथ घर पर थी, तभी मुहल्ले निवासी रहमत अली पुरानी रंजिश के चलते दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। 13 वर्षीय बेटे राममनोहर यादव ने मना किया तो उसे काफी मारा पीटा। वहीं मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई हैं जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# युवक ने नदी में लगाई छलांग, मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** पत्नी से कहासुनी के बाद युवक घर से निकल गया। उसका कोई सुराग़ न लगने पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अगले दिन बरवन गांव के बाहर गर्रा नदी से उसका शव बरामद किया गया। युवक ने लोनार पुल से गर्रा नदी में कूद कर आत्महत्या की, उससे पहले उसने अपने पिता से फोन पर कहा था कि...वह जा रहा है, उसे ढूंढना नहीं।

बताया गया गया है कि साण्डी थाने के गांधी गांव निवासी 28



पत्नी से विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या

वर्षीय राजपाल पुत्र रामरतन की शनिवार (23 मार्च) को उसकी पत्नी से किसी बात पर कहासुनीं हुई थी। उसके बाद वह घर से चला गया। काफी तलाश के बाद उसका कोई सुराग़ नहीं लगा, इस पर अगले दिन रविवार को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। उसी बीच सोमवार को लोनार पुलिस ने बर्न गांव के बाहर से गर्रा नदी से एक शव बरामद किया। शव की शिनाख्त रामपाल के रूप में की गई। कुछ लोगों का कहना है कि उन्होने उस युवक को लोनार पुल से नदी में कूदते हुए देखा था। उधर रामपाल के पिता रामरतन का कहना है कि रविवार को ही उसके पुत्र ने फोन पर कहा था कि...जा रहा हूं, ढूंढना नहीं, फिर उसके बाद कोई बात नहीं हुई। माना जा रहा है कि पत्नी से हुई कहासुनी के चलते रामपाल ने ऐसा कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि सारे मामले की हर पहलू से जांच-पड़ताल की जा रही है।

### नशे में धुत बाइक सवार युवक गिरकर घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के तहसील मुख्यालय के सामने बाइक पर सवार नशे में धुत चार ग्रामीण बाइक संतुलित हो जाने के कारण गिर गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया, जहां से दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। शाहजहांपुर जनपद के थाना रोजा बल्लिया निवासी अर्जुन अपने तीन अन्य साथियों को लेकर बाइक से घूम रहे थे। तहसील मुख्यालय के पास बाइक असंतुलित हो जाने के कारण गिर पड़े।

# चाइनीज मांझे से कटी युवक की चार उंगलियां, दी तहरीर

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** एक सप्ताह पूर्व कस्बे में चाइनीज मांझे से हो रही घटनाओं का संज्ञान लेकर सीओ अनुज मिश्रा ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने का फरमान जारी किया था, लेकिन उसके बावजूद कस्बे में मांझे की बिक्री खुलेआम की जा रही है। कस्बे के मोहल्ला वाजिद खेल से गुजर रहे युवक की उंगलियां चाइनीज मांझे से कट गई। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।

कस्बे के मोहल्ला कटरा निवासी रमापति मिश्रा उर्फ अमित पुत्र प्रमोद कुमार ने बताया वह दो बच्चों को लेकर बस स्टैंड से अपने घर जा रहा था। कस्बे के मोहल्ला वाजिदखेल के निकट चाइनीज मांझे से उसकी उंगलियां कट गई और गर्दन में भी चोट आई है। घटना की लिखित सूचना पुलिस को देने पर पुलिस ने कहा कि आरोपियों के नाम लिखकर दीजिए। पीड़ित ने सीओ को घटना की सूचना दी है।

## सार-संक्षेप

### कारोबारी की कार से लाखों रुपये बरामद

**हरदोई, अमृत विचार।** चुनाव को ले कर अलर्ट फ्लाइंग स्कवाड और बिलग्राम पुलिस ने तलाशी के दौरान दिल्ली में आईटी का बिजनेस कर रहे बिजनेसमैन की कार से पांच लाख 75 हज़ार रुपये की गड्डियां बरामद की। पुलिसिया पूछताछ में बिजनेसमैन इतने रुपयों से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे सका। बरामद हुआ सारा रुपया ज़ब्त कर लिया गया। बताया गया है कि मंगलवार को एसएचओ बिलग्राम नारायण कुशवाहा के निर्देश पर फ्लाइंग स्क्वाड और पुलिस टीम हैबतपुर के पास चेकिंग कर रही थी। उसी बीच दिल्ली के नंबर वाली कार आती हुई दिखाई दी। टीम ने उसे रोका और पूछताछ करने पर पहले तो कार ड्राइव कर रहे शख्स ने कोई सही जवाब नहीं दिया, जिस पर पुलिस को शक हुआ और उसने कार की तलाशी शुरु कर दी। तलाशी के दौरान कार के अंदर से पांच-पांच सौ की गड्डियां, कुल पांच लाख 75 हज़ार रुपये बरामद हुए। एसएचओ श्री कुशवाहा के पूछने पर उस शख्स ने अपना नाम आशीष मिश्रा पुत्र रामशरण मिश्रा निवासी चठिया बुज़ुर्ग कोतवाली पिहानी बताया, उसने कहा कि वह दिल्ली में आईटी (सीसीटीवी कैमरे, कम्प्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट) का बिजनेस करता है। इतने रुपये ले जाने की वजह जानने पर आशीष कोई सही जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने सारे रुपये ज़ब्त कर उन्हें सरकारी खज़ाने में जमा कर दिया है। रुपयों से जुड़ी सही-सही जानकारी देने के बाद ही रुपयों की वापसी होना मुमकिन है।

### युवक का शव पड़ा मिला, हत्या का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** हमलावरों के दरवाज़े युवक का शव पड़ा मिला। आरोप है कि झगड़ा होने की रंजिश के चलते हत्या को अंजाम दिया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है। रविवार को कछौना कोतवाली के खजोहना निवासी अजय और वहीं के राधे के बीच पहले कहासुनी हुई, उसके बाद राधे अजय की पिटाई करने लगा, उस बीच वहां पहुंचे कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दिया। उसके बाद अजय का छोटा भाई सचिन खाना खाने के बाद बाहर निकला। उसके बाद वापस नहीं लौटा। देर रात में गांव में एका-एक शोरश्रमच गया कि सचिन का शव राधे के दरवाज़े पर पड़ा हुआ है। अजय का आरोप है कि राधे ने उसके भाई सचिन को पहले कोई नशीली चीज़ खिला दी, उसके बाद उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है। खजोहना के सचिन की मौत के मामले में उसके भाई अजय का आरोप है कि उसका भाई 'शराब का आदी था' पुलिस तहरीर में ऐसा लिखने का दबाव बना रही है। अजय ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि पुलिस ने आरोपियों से उन्हे बचाने का सौदा तय कर लिया और उसी के तहत तहरीर में भाई को शराबी साबित करना चाह रही है।



नगर पालिका परिषद शाहाबाद क्षेत्र में भरा पानी। अमृत विचार

### नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के दावे हवाई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद शाहाबाद के अधिशासी अधिकारी केंद्र सरकार के स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाते हुए साफ दिख रहे हैं। फोटो में स्टेट बैंक से ब्लॉक मुख्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर बिना बरसात के जलभराव जैसा नजारा दिख रहा है। यह नजारा पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते दिखाई दे रहा है। समस्त छोटे-बड़े 17 नालों और नालियों की सफाई करने का दावा करने वाले अधिशासी अधिकारी के दावों की यह जल भराव पूरी तरह से कलई खोल रहा है। सीओ ऑफिस और राजकीय कृषि बीज भंडार के ठीक सामने बिना बरसात के जल भराव का नजारा दिखाई दे रहा है। इस रोड से गुजरने वाले लोग इधर-उधर से कूद कर निकल रहे हैं। राजकीय कृषि बीज भंडार के अंदर भी पानी प्रवेश करने लगा है, लेकिन सफाई अभियान के लंबे-लंबे दावे करने वाले पालिका प्रशासन को शर्म नहीं आ रही है। पालिका प्रशासन स्वच्छता अभियान को प्रमुखता से चलाने और साफ सफाई की व्यवस्था नंबर वन होने का दावा कर रहा है, लेकिन बिना बरसात के सड़क पर दिख रहा यह जल भराव क्या नगर पालिका प्रशासन की पोल खोलने भर के लिए काफी नहीं है।

# पड़ोसी के बंद घर में लटका मिला किशोर का शव, हत्या का आरोप

हरदोई

**अमृत विचार।** 17 वर्षीय किशोर का शव पड़ोसी के बंद पड़े कमरे के अंदर लटका मिला। पुलिस आत्महत्या बता रही है, जबकि किशोर के पिता ने गांव की युवती पर बहाने से बुलाने और उसके भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

सोमवार की सुबह पाली थाने के कहरई नकटौरा निवासी रामनरेश के 17 वर्षीय पुत्र सुमित का शव उसके पड़ोसी रामबरन के खाली पड़े कमरें में फांसी पर लटका मिला। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ शुरु कर दी। इस मामले में सुमित के पिता रामनरेश का आरोप है कि सुमित को रविवार की रात गांव की एक युवती ने बहाने से अपने घर बुलाया, जहां उसके भाइयों ने उन दोनों को साथ-साथ देख लिया। उसी के चलते उसके पुत्र की हत्या कर फांसी पर लटका दिया। पुलिस फिलहाल आत्महत्या मान रही है, लेकिन शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सारी सच्चाई सामने आएगी।

# दोस्त बनकर 81 हजार का लगाया चूना

हरदोई

**अमृत विचार।** दोस्त ने दोस्त से झूठ बोल कर उसके मोबाइल से 76 हज़ार और एटीएम वालेड से 53 सौ रुपये किसी दूसरे के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इस तरह की गई धोखाधड़ी के बारे में उसने बैंक में बताया, लेकिन बैंक वालों ने उससे सादे कागज़ पर दस्तखत करा लिए, लेकिन कुछ किया नही। उसके बाद कोर्ट में अर्ज़ी दी गई, जिस पर कोर्ट ने पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश जारी किया।

बताया गया है कि कोतवाली देहात के कोरिया निवासी नीलेश

**धोखाधड़ी**

- **बैंक खाते से 76 हजार और एटीएम वालेड से 53 सौ उड़ाए**
- **पुलिस ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया मुकदमा**




शर्मा पुत्र श्रवण कुमार शर्मा वहीं गांव में फोटोकॉपी और मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान और मनी ट्रांसफर करता है। नीलेश ने बताया कि उसकी दुकान पर अक्सर आने-जाने वाले मोहित नाम के युवक ने दोस्ती कर ली। मोहित बताता था कि वह रेलवे गंज में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में नौकरी करता है।16 मई 2023 को मोहित उसके पास पहुंचा और जल्दबाज़ी में बोला कि किसी ज़रूरतमंद को पैसा ट्रांसफर करना है। उस वक्त नीलेश खाना खा रहा था।कुछ देर की मोहलत मांगने पर उसने तुरंत की बात कही। उसके कहने पर नीलेश ने भरोसे पर उसे मोबाइल दे दिया, लेकिन मोहित ने उस भरोसे को तोड़ते हुए उसके बैंक आफ इंडिया शाखा चौपाल सागर के खाते से 76 हज़ार और एटीएम वालेड से 53 सौ रुपये किसी महावीर सिंह के खाते में ट्रांसफर कर दिया। मैसेज आने पर उसे इस तरह की गई धोखाधड़ी का पता चला। नीलेश शर्मा ने कोर्ट में कहा कि वह बैंक गया और सारी बात बताई, जिस पर बैंक वालों ने उससे सादे कागज़ पर दस्तखत करा लिए, लेकिन कई दिन बाद भी कुछ नहीं किया। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मोहित और महावीर सिंह के खिलाफ धारा 406 और सूचना एवं प्रोधौगिकी (संशोधन) अधिनियम-2008 की धारा 66-सी के तहत केस दर्ज किया है। जिसकी जांच इंस्पेक्टर लाखन लाल मिश्रा को सौंपी गई है।

**पाक माह** तरावीह की नमाज में कुरान पाक किया मुकम्मल, कहा-

# अल्लाह का सबसे कीमती तोहफा है रमज़ान

सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** माहे रमज़ान में रोज़ाना मस्जिदों में हो रही नमाज़ तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने का सिलसिला जारी है। विगत रात नगर के मोहल्ला मंगल बाज़ार की मस्जिद बन्दगी मियां व मोहल्ला इमाम चौक कल्लू चौधरी की मस्जिद में क़ुरआन हाफ़िज क़ारी शकील वारसी ने तरावीह की नमाज में कुरान पाक मुकम्मल किया।

इस अवसर पर हाफ़िज शकील वारसी ने माह-ए-रमज़ान और नमाज़ तरावीह की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि अल्लाह ने रमजान में अपने बंदों के लिए काफी इनामात से नवाजता है। हालांकि बंदा भी ऐसा होना चाहिए जो अल्लाह के हुक्म की



अफ्तार में शामिल रोजेदार। अमृत विचार

फरमाबरदारी करे। उन्होंने कहा की अल्लाह का सबसे कीमती तोहफा है रमज़ान। तहरीक परचमें मोहम्मदी के अध्यक्ष फ़रीद उद्दीन अहमद ने कहा कि रमजान का माह सारे महीनों का बेहतर है। इस मुबारक महीने में ही कुरआन पाक नाजिल हुआ, इसलिए इस्लाम में रमज़ान माह की बड़ी फजीलते हैं। नमाजियों ने हाफ़िज क़ारी शकील वारसी से गले मिलते हुए फूल माला पहनाई और तोहफे दिये। तरावीह की नमाज के बाद सभी रोजेदारों ने अपने गुनाहों से माफी, आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द तथा देश में अमन शांति के लिए से दुआ की। मस्जिद में पेश इमाम मौलाना रफ़ीक़ आलम, अनवारुल हक़, मुईज़ साग़री, हाजी मो. ज़हीर, हाजी मो. इकराम, अब्दुल वली, मो. साकिब आदि मौजूद रहे।

# अफ्तार में शामिल हुए सैकड़ों रोजेदार, अल्लाह से मांगी दुआ

हरदोई

**अमृत विचार।** हजरत जाकिर हुसैन शाह की दरगाह बावन में रोजेदारों को रोज़ा अफ्तार कराया गया। यह अफ्तार हजरत मेराज मियां और हजरत सरफराज मियां ने अपने वालिद हजरत जाकिर हुसैन की याद में करवाया। रोजा अफ्तार में सैकड़ों रोजेदार शामिल हुए और एक साथ बैठकर अफ्तार किया। अफ्तार के बाद रोजेदारों ने नमाज पढ़कर अल्लाह से दुआ मांगी। इस दौरान इमाम साहब ने रमजान की खासियत और रोजा अफ्तार कराए जाने के बारे में बताया।

बावन में मखदूम शाह बाबा की मजार के पास हजरत जाकिर हुसैन शाह की दरगाह है। इस दरगाह पर रमजान-उल-मुबारक के मौके पर दावत-ए-अफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों उपस्थित हुए और रोजा अफ्तार किया। रोजा अफ्तार से पहले सभी रोजेदारों ने अल्लाह तबारक व ताआला के बारगाह में हाथ उठाकर देश की अमन व चैन के लिए दुआएं मांगी। अफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजूर्ग, नौजवान व बच्चे समेत सैकडों की संख्या में लोग शामिल हुए। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा अफ्तार किया। इस दौरान हजरत मेराज मियां जाकिरी ने बताया कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। इस महीने में अल्लाह पाक बंदों पर खास रहमत बरसाते है अफ्तार पार्टी के आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है।

## एक नजर

### गोवंश के हमले से महिला की मौत

**कमलापुर/सीतापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके में सांड़ के हमले से एक माहिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि थाना पट्टी गांव में शनिवार को खेत में नुकसान कर रहे गौवंश को किसान आशुतोष भगा रहे थे। इस दौरान सांड़ ने भागते समय गांव की मेंहदई उम्र (56) पत्नी दुजई पर हमला कर दिया। सांड़ के हमले के चलते महिला बुरी तरह घायल हो गई। महिला के गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसके परिजन इलाज के लिए महिला को अस्पताल ले कर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महाआरती के साथ चौरासी कोसी परिक्रमा का समापन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि स्थली नैमिषारण्य से शुरू हुई चैरासी कोशीय परिक्रमा का समापन होलिका दहन के साथ महर्षि दधीचि की पावन तपोभूमि पर मिश्रिख तीर्थ पर हुआ। इस दौरान पवित्र दधीचि कुंड तीर्थ पर प्रत्येक वर्ष पंच कोसी परिक्रमा मेला के दौरान मेला प्रशासन द्वारा विशाल महाआरती और आतिशबाजी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दधीचि कुंड तीर्थ पर सायं तीर्थ महाआरती के बाद विशाल आतिशबाजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन के दौरान क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत, मंत्री राकेश राठौर गुरू व विधायक रामकृष्ण भार्गव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह, सन्तोष सिंह मौजूद रहे। कुंड पर आयोजित हुई आतिशबाजी कार्यक्रम में प्रशासन के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नैमिषारण्य के नूर मोहम्मद को सीओ राजेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी, पंकज कुमार सक्सेना, तहसीलदार सौरब यादव व नगरपालिका ईओ लालचन्द्र मौर्य ने प्रथम पुरुस्कार के रूप में 11 हजार रुपए की चेक प्रदान की।

रामकोट निवासी मोहम्मद रफीक को दुतीय पुरुस्कार में 5 हजार रुपए तथा माधौगंज हरदोई निवासी मोहम्मद साबिर अली को तृतीय पुरुस्कार के रूप में 3 हजार रुपए पुरुस्कार की चेक प्रदान की गई। इस अवसर पर परिक्रमा मेला समिति अध्यक्ष पहला आश्रम के महंत नारायण दास, बनगढ़ आश्रम के महंत संतोष दास खाकी, मेला समिति विमल बंजरगी आदि के साथ हजारों मेलार्थियों ने विशाल आतिशबाजी का आनंद लिया। श्रद्धालुओं ने पूरे आयोजन का भरपूर आनंद लिया। इसके साथ ही परिक्रमा में लगे हजारों श्रद्धालु भी अपने-अपने घर की ओर रवाना हो गये।

**आस्था**

▶▶ दधीचि कुंड तीर्थ पर विजयी आतिशबाजों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित



दधीचि कुंड पर महाआरती करते सांसद अशोक रावत। अमृत विचार

## होली हास्य संध्या पर छूटे हंसगुल्ले

**सीतापुर।** होली के अवसर पर शहर के तामसेनगंज में हास्य संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी में अन्नी मेहरोत्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन त्रिपाठी व संचालन आकाश राय ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्जवलन से हुआ। इसके उपरांत कहीं माथे पर प्रेम-सौहार्द के अबीर-गुलाल के टीके लगे तो कहीं हास्य-व्यंग्य की कविताओं पर हंसी के हंसगुल्ले फूटते रहे। संचालक के व्यंग्य के तीरों पर लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो गए। हास्य कवि प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने देखो आयी प्रेम रंग की होली कविता पढ़ी इनके बाद कवित्री शशिकला मिश्र ने अपनी कविता के माध्यम से पतियों पर बेलन बरसाए और रत्नेश द्विवेदी से होली शायरी व चुटकुलों के माध्यम से हास्य नोक झोक भी हुई। इसके साथ विजय शुक्ला, डॉ राजीव मिश्रा, अम्ब्रीश दीक्षित ने अपनी हास्य रचनाओ से खूब हंसाया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली नहर में पलटी, चालक की मौत

## परिजनों ने ट्रैक्टर स्वामी पर लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस मामले की जांच में जुटी

संवाददाता, कुतुबनगर/सीतापुर

**अमृत विचार।** पिसावां थाना इलाके में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में पलटने से चालक की मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों ने ट्रैक्टर स्वामी पर जानकारी न देकर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कुतुबनगर पुलिस चैकी के अंतर्गत गांव सबेलिया निवासी कल्लू (34) पुत्र सिरदार गावं के ही वीरेंद्र सिंह के पास मजदूरी करता था। सोमवार को ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना भरकर चालक कल्लू रामकोट स्थित ज्वाहरपुर चीनी मिल गया था। बताया जाता है कि जब वह वापस अपने गांव ट्रैक्टर ट्राली लेकर आ रहा था तभी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। जिसके चलते ट्रैक्टर चालक कल्लू नहर में डूब गया। सूचना पर आनन फानन में मौके पर पहुचे ट्रैक्टर स्वामी ने चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुये आरोप लगाया कि ट्रैक्टर स्वामी ने परिजनों को कोई भी जानकारी ना देकर पहले नहर से ट्रैक्टर-ट्राली निकालने में लगे रहे।

आरोप है कि करीब दो घण्टे तक उसका लड़का मौके पर पड़ा रहा, बाद में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। लापरवाही के चलते लड़के की मौत हो गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चैहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



कल्लू (फाइल फोटो)। अमृत विचार

### हाईवे पर बाइक और स्कूटी की भिड़ंत, युवक की मौत

**कमलापुर/सीतापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके में हाईवे पर स्कूटी और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार पति की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार सुरैचां गांव के निकट हाइवे पर स्कूटी और मोटरसाइकिल में आमने-सामने की भिड़ंत बाइक सवार कमलेश (40) पुत्र बद्री प्रसाद निवासी मानपुर की मौत हो गई। उसकी पत्नी सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे में स्कूटी सवार राजकुमार पुत्र सुंदर छोटा पुत्र ताल्लुक व एक बच्चा राजवीर निवासी ग्राम महोली गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घयलों को सीएचसी कसमंडा भेजा गया। जहां से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बाइक और स्कूटी सवार कोई भी हेलमेट लगाए नहीं था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कमलापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके में सिधौली-बिसवां मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चैडिया गांव के निकट लगे प्रट्रोल पंप के पास सेक्सरिया शुगर मिल में काम करने वाले अंकित मिश्रा की बाइक में किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे अंकित की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार वाहन की तलाश में जुट गई है।

### सड़क पर खड़ी ट्रॉली से भिड़ा ई-रिक्शा, चालक घायल

**लहरपुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में हरगांव मार्ग पर सड़क पर खड़ी ईंटो से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से ई रिक्शा टकरा काने से दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया जबकि अन्य सवारियां बाल-बाल बच गई।

रविवार को लहरपुर-हरगांव मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के राजा कोठी के निकट हरगांव की तरफ से सवारियों से भरा एक ई रिक्शा सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया। हादसे में ई रिक्शा चालक विक्रम सिंह पुत्र गोकरण सिंह निवासी ग्राम केशरीगंज गम्भीर रूप से घायल हो गया। जबकि ई रिक्शा में सवार अन्य लोग बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलावस्था में पैदल ही चालक को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

## शहादत पर याद किये गए गणेश शंकर विद्यार्थी

**सिधौली।** आज देश के भीतर सांप्रदायिकता फन उठाए हुए खड़ी है, जिसने इंसानियत के सामने संकट पैदा कर दिया है। देश की मुश्तरका संस्कृति को बचाए रखने के लिए इस फन को कुचला जाना आवश्यक है। जब तक हिन्दू मुस्लिम के बीच सांप्रदायिकता के बीज विद्यमान रहेंगे तब तक दोनों समुदायों में एकजुटता नहीं पैदा होने वाली है। यह बातें नफरत एवं हिंसा के खिलाफ मानवीय एकता संगठन के बैनर तले आयोजित क्रांतिकारी गणेश शंकर विद्यार्थी की शहादत समारोह को संबोधित करते हुए वक्ता भगवती प्रसाद अग्निहोत्री ने कही। सिधौली स्थित शहीद स्मारक के समीप आयोजित कार्यक्रम में पूर्व बार अध्यक्ष अधिवक्ता रामपाल भार्गव, जयकरन सिंह यादव, एडवोकेट आरपी गौतम आदि ने गणेश शंकर विद्यार्थी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका अनुकरणीय व्यक्तित्व था। अधिवक्ता अनूप कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जी का जीवन सदैव प्रेरणास्पद रहेगा। पत्रकार अनुराग आग्नेय ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने साहित्य और पत्रकारिता के माध्यम से जनचेतना में हुंकार भरी। कवि देवेंद्र कश्यप निडर ने कहा कि सांप्रदायिक एकता के लिए विद्यार्थी का बलिदान हुआ। बार एसोसिएशन के महामंत्री रामचन्द्र मिश्र, वीरेंद्र गौतम, रामबख्श राव, बुध प्रकाश संबोधित किया।

## सार-संक्षेप

### संघ कार्यालय पर आयोजित हुआ होली मिलन समारोह



समारोह के दौरान मौजूद विभाग प्रचारक अभिषेक व मौजूद अन्य स्वयं सेवक।

**सीतापुर।** रीति, नीति, परंपरा ही सामाजिक ढांचा है। अगर यह मिट गया तो अव्यवस्था संस्कृति नष्ट हो जाती है। रोम, मिश्र, मेसोपोटामिया की सभ्यताएं इसीलिए मिट गईं क्योंकि उन्होंने रीति, नीति, परंपरा को कायम नहीं रखा। यह बात मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर मिलन कार्यक्रम में मुख्यवक्ता विभाग प्रचारक अभिषेक ने कही। इस मौके पर जिला संघचालक उमाकांत, सह जिला संघचालक राकेश, नगर संघचालक विनय, सह नगर संघचालक वासुदेव, प्रांत पर्यावरण प्रमुख विष्णु दत्त, विभाग कार्यवाह कृष्ण कुमार, जिला कार्यवाह आशीष, जिला प्रचारक पंकज, नगर प्रचारक मनोज, जिला प्रचार प्रमुख सचिन, जिला सेवा प्रमुख ज्योतिशंकर, सह जिला शरीरिक प्रमुख जन्मेजय, जिला विमर्श प्रमुख प्रभात अग्निहोत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### माइनर फटने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न



जलमग्न सरसों की फसल के साथ खड़ा किसान।

**लहरपुर।** विकासखंड इलाके में माइनर कटने से किसानों की खेतों में खड़ी फसल पानी में डूबने से बर्बाद हो गई। फसलों की नुकसान होने से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम गनेशपुर नेवादा पुल से रघुनाथपुर जाने वाले मोटर मार्ग पर लहरपुर माइनर नहर की दाहिनी पटरी फट जाने से किसानों की मसूर व सरसों, गेहूं की फसल में पानी भर गया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नेवादा निवासी एक किसान ने अपने पॉपुलर के पेड़ों में पानी लगाने के लिए शनिवार रात नहर को थोड़ा काटा था। लेकिन पानी का बहाव अधिक होने से नहर काफी ज्यादा मात्रा में फट गई और उसकी लापरवाही से गांव के एक दर्जन से अधिक किसानों की सरसों, मसूर व गेहूं की फसल पानी में डूब गई है। जिससे किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद गई है। गांव के किसान अतीक की तीन बीघा गेहूं, मोईन की ढाई बीघा गेहूं, मिस्त्री के डेढ़ बीघा गेहूं, गोबरे के तीन बीघा गेहूं की फसल, लतीफ की दो बीघा, शमीम की लाही सात बीघा, बरकत की मसूरी दो बीघा, कल्लू ढाई बीघा गेहूं, समीउल्लाह की पांच बीघा लाही की कटी हुई फसल पानी में डूब गई. किसानों ने फसल के नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता लहरपुर माइनर शिव प्रताप ने बताया कि नहर किसानों द्वारा काटी गई थी। जिसे उनके द्वारा दुरुस्त भी कर दिया गया है। क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग विभाग द्वारा शीघ्र दुरस्त करवा कर आवागमन बहाल कर दिया जाएगा।

### पंचायत सहायक की मौत के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में पंचायत सहायक पंकज कुमार की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू करेगी। गैसड़ी ब्लॉक के गोविंदपुर गांव में पंचायत सहायक के पद पर तैनात पंकज कुमार का शव 23 मार्च को गौरा – जैतापुर राजमार्ग के किनारे निर्माणाधीन भवन के पिलर के सहारे रस्सी से लटकता मिला था। परिजनों ने पंकज कुमार के हत्या की आशंका जताई थी। मंगलवार को कई ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। जिला पंचायत सदस्य दूधनाथ यादव की अगुवाई में जनकपुर गांव की पंचायत सहायक शिवानी गिरि, जमुनी कला की सोनाली, भदुई की सौम्या, इटई के बब्लू, लैबुड़वा भोजपुर के जग नरायन वर्मा, वीरपुर कला के मजहर खान मृतक के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक तेज नारायण गुप्त ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम गठित कर मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

# नहाने के दौरान नहर में डूबा युवक

**महोली/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए उतरे युवक की डूबने से मौत हो गई। 24 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ ने युवक के शव को खोजकर निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हादसे के दौरान सभी दोस्त गहरे पानी में जाने के दौरान ही तैर कर सुरक्षित बाहर आ गये थे। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सुक्खूमल रोड निवासी अभिषेक (22) पुत्र स्व. गुरुदीन सोमवार को होली के मौके पर रंग खेलने के बाद अन्य दोस्तों के साथ उरदौली से गुजरी नहर में नहाने के लिए आए हुए थे। बताया जाता है कि उरदौली से नटपुरवा गांव की तरफ 800 मीटर दूर सभी दोस्त कपड़े निकालकर नहर में नहाने लगे। नहाने के दौरान अचानक अभिषेक और उसके कुछ साथी गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से अभिषेक डूब गया। इस दौरान दो अन्य दोस्त भी डूबने लगे, जिन्हें किसी तरह उनके मित्रों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन युवक अभिषेक को पानी में कोई पता नहीं चला। हादसे के बाद युवकों के दोस्तों ने कार्टरगंज पुलिस चैकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस ने एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद 24 घंटे से अधिक समय तक नदी में स्टीमर की मदद से खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

मंगलवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने फिर से नहर में खोजबीन की तो डुबकी लगाकर शव को खोजकर बाहर निकाला। इस सम्बंध में मृतक के भाई अनुराग ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



हादसे के बाद नहर किनारे उमड़ी लोगों की भीड़। अमृत विचार

▶▶ एसडीआरएफ टीम को नहीं मिली सफलता, ग्रामीणों ने खोजा शव

▶▶ होली के मौके पर दोस्तों के साथ शहर में नहर में नहाने के लिए गया था युवक

## मदीना मस्जिद में तरावीह में मुकम्मल हुई कुरान ए पाक

**सदरपुर।** मदीना मस्जिद में रमजान के महीने में पढ़ी जाने वाली खास नमाज ए तरावीह में कुरान ए पाक मुकम्मल हुआ। मदरसा इस्लामिया दारुल इकामा सदरपुर में इसी साल हाफिज ए कुरान हुए इफ्तिखार अली पुत्र इजहार अली ने रमजान उल मुबारक का चांद देखने के बाद तरावीह पढ़ाना शुरू किया था। रविवार 13 वें रोजे को ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज में कुरान ए पाक मुकम्मल कराया।

उसके बाद जश्ने तकमील ए कुरान का आयोजन हुआ। जिसमें मौलाना मोहम्मद सलीम नदवी साहब ने खिताब फरमाते हुए माहे रमजान और पाक कुरान पर बयान किया। मौलाना ने अपने बयान में बताया कि जब अल्लाह ने मेराज की रात प्यारे नबी मोहम्मद साहब को आसमान पर मुलाकात के लिए बुलाया, और जब मुलाकात के बाद अल्लाह के नबी मोहम्मद साहब वापिस आने लगे तो अल्लाह ने तोहफे में नमाज और रमजान उल मुबारक दिया। इस मौके पर मौलवी अय्यूब साहब, शफीक खान (मोटू) पूर्व प्रधान हिसामुद्दीन (गुड्डू), सलाहुद्दीन हाशमी, सगीर इद्रीशी, राशिद खान, इम्तियाज वारिश, मुस्तफा शाह, दबीरुल हसन, मुराद अली, हाफिज मोहम्मद अमन, जलीस अंसारी, रेहान, आदि लोग मौजूद रहे।

# युवती ने गोली मारकर दी जान



युवती की आत्महत्या के बाद मौके पर मौजूद भीड़ व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**पिसावा, अमृत विचार।** दौलतियापुर गांव निवासी महेंद्र सिंह की पुत्री कनकलता (26) ने घर के अंदर स्वयं को अवैध असलहे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि इस दौरान परिवार के पुरुष सदस्य खेत पर काम करने गए हुए थे। जबकि घर की महिलाएं होली त्यौहार को लेकर घर की छत पर तैयारियों में जुटी हुई थी। अचानक फायरिंग की आवाज सुनकर महिलाएं व आस पास के लोग घटनास्थल की तरफ दौड़े तो कमरे के बाहर युवती का शव खून से लथपथ पड़ा था। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

### 25 अप्रैल को थी शादी

ग्रामीणों की मानें तो मृतका युवती कनकलता की आगामी 25 अप्रैल को शादी तय थी। लोगों की मानें तो शादी से मृतका ने कोई विरोध भी नहीं किया था।

### डिप्रेशन भी हो सकता आत्महत्या की वजह!

परिजनों ने बताया कि मृतक युवती कनकलता पढ़ाई लिखाई में बहुत ही अव्वल थी। वह कुछ दिनों से रोजगार संबंधी परीक्षाओं को लेकर तैयारियां भी कर रही थी। कुछ दिनों पूर्व हुए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में मृतका द्वारा परीक्षा दी गई थी। परीक्षा काफी अच्छी हुई थी, लेकिन परीक्षा पेपर लीक हो जाने के कारण युवती कुछ दिनों से मानसिक तनाव में रहा करती थी।

**चहुंओर दिखी रौनक** — हर्षोल्लास के साथ जिले में मनाया गया पर्व, डीजे पर थिरके लोग

# रंगोत्सव पर गुलाल लगाकर एक-दूसरे को दी बधाई



होली मिलन समारोह में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि व अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** होली के त्योहार पर रंगों की धूम शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक देखने को मिली। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई होली के रंगों में पूरी तरह से सराबोर दिखा। युवा पीढ़ी ने होली पर जमकर रंग उड़ाया तो शहर के कई मोहल्लों व चैराहों पर बजती डीजे की धून पर लोग जमकर नाचते व झूमते नजर आए। रंग महोस्तव के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल आदि लगाकर होली पर्व की बधाइयां दी।

शहर और ग्रामीण अंचलों के युवाओं ने अलग अलग टोलियों में बंटकर होली का जमकर लुत्फ उठाया। लोगों में उत्साह का माहौल सिर चढ़कर बोल रहा था। शहर के कई मोहल्लों में कहीं फूलों की होली खेली गई तो कहीं रंग, अबीर व गुलाल उड़ाए गए। बजते ढोल नगाड़ों पर लोग खूब थिरकते नजर आए। युवाओं की टोलियां शहर के गली-मोहल्लों में रंग-गुलाल उड़ाती रही। कुछ ने पिचकारियों से रंग बरसाया तो कुछ ने बाल्टियों से रंग उड़ेलकर होली खेली। बुजुर्गों ने एक दूसरे को गुलाल से तिलक लगाकर और गले मिलकर बधाई दी। इसके बाद शाम को लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर आर्शीवाद लिया और मिठाईयां आदि लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाकर होली मिलन कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। शहर के लालबाग पार्क में नगर पालिका सीतापुर द्वारा आयोजित होली महोस्तव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने रंग खेलकर एक दुसरे को बधाई दी।

# बच्चों के चेहरों पर लगाया खुशी का गुलाल

कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** विकासखंड कसमंडा इलाके में हर वर्ष की भाति इस बार भी कमलापुर कस्बे की छोटी समाजसेविका आरूषी तिवारी ने इलाके के विभिन्न गांवों की मलिन बस्तियों के बच्चों के साथ फाग उत्साह मनाया।

इस दौरान आरूषी ने बच्चों के साथ जमकर होली खेली और मासूमों के गालों पर खुशी का गुलाल लगाया। गुलाल लगाते ही बच्चो के चेहरों की खुशी देखते ही बनती थी। इस दौरान समाजसेविका ने गिफ्ट के तौर पर उन्हें नये कपड़े और गुलाल पिचकारी देकर बच्चों का त्यौहार हर्षोउल्लास से भर दिया। होली के त्यौहार के चलते सोमवार की सुबह से क्षेत्र के छरासी, रूठा, गढी, केवलपुर, छोटा पतारा सहित अन्य गांव की मलिन बस्तियों मे रहने वाले बच्चे समाजसेविका आरूषी दीदी के आने का इन्तजार कर रहे थे। दीदी के आते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। जिसके बाद उन्होने बच्चो को मिठाई खिलाई और गाल मे गुलाल लगाकर फांग उत्सव मनाया। जिसके बाद सभी बच्चों के साथ लोगों ने जमकर होली खेली होली खेलने के दौरान मौजूद बच्चो के चहरो पर खुशी देखते ही बन रही थी। इस दौरान सभी को होली के बाद पहनने के लिये नये कपडे और होली खेलने के लिये पिचकारी रंग, मखोटे के साथ साथ खाने पीने की वस्तुये भी दी गई।



समाजसेविका आरुषी के साथ मौजूद बच्चे रंग खेलते हुए।

